दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 21 दिसम्बर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 362 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3












## 'असम की माटी से मेरा लगाव...', पीएम मोदी ने किया नए टर्मिनल का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को असम की राजधानी गुवाहाटी में स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया। जहां उन्होंने कहा कि आज का दिन विकास का उत्सव है। यह केवल असम का नहीं, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत के विकास का जश्न है। पीएम मोदी ने आगे वहां उपस्थित सभी लोगों से अपने फोन के फ्लैश को जलाने की अपील भी की।

उन्होंने कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि असम में विकास का पर्व मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर को देश के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि आने वाले समय में असम और पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।





### कांग्रेस पर भी जमकर बरसे पीएम मोदी

इस दौरान पीएम मोदी ने विपक्षी दल कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के लिए असम और पूरे पूर्वोत्तर का विकास कभी एजेंडे में नहीं था। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के नेताओं का सोच था कि असम और पूर्वोत्तर में कौन जाता है? पीएम मोदी ने कहा कि इसी सोच की वजह से दशकों तक इस पूरे क्षेत्र की उपेक्षा हुई। उन्हें आधुनिक एयरपोर्ट, बेहतर रेलवे या हाईवे की जरूरत नहीं समझी गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस की ये गलतियां दशकों तक जारी रहीं, लेकिन उनकी सरकार एक-एक करके इन गलतियों को सुधार रही है और पूर्वोत्तर को विकास की नई दिशा दे रही है।

**गुवाहाटी में पीएम मोदी ने सड़क शो की शुरूआत की :** बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधन के बाद असम की राजधानी गुवाहाटी में सड़क शो की शुरूआत की। यह रोड शो सारुसजाई से असम भाजपा मुख्यालय तक निकाला गया। सड़क शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्होंने प्रधानमंत्री का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने झंडे और पोस्टर लेकर रैली में भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी इस रोड शो के माध्यम से जनता से सीधे जुड़े और पार्टी की योजनाओं तथा विकास कार्यों के बारे में जानकारी साझा की।

**पीएम मोदी बोले- आधुनिक एयरपोर्ट और सड़कें राज्य के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि जब किसी राज्य में आधुनिक और विश्वस्तरीय हवाई अड्डे बनते हैं, तो इससे उस राज्य के लिए नई संभावनाएं और अवसर खुलते हैं। ऐसे एयरपोर्ट राज्य के बढ़ते आत्मविश्वास और जनता के भरोसे की मजबूत नींव बनते हैं। उन्होंने कहा कि आज असम में जिस तरह की शानदार और आधुनिक सड़कें और हाईवे बन रहे हैं, उन्हें देखकर हर कोई कहता है कि अब असम के साथ सही न्याय हो रहा है।

## सीजन की पहली शीतलहर, सबसे ठंडा दिन भी दर्ज, पारा 16.9 डिग्री तक गिरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को इस सीजन की पहली शीत लहर चली, जिससे शनिवार इस साल दिसंबर का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान गिरकर 16.9 डिग्री सेल्सियस हो गया, जो सामान्य से 5.3 डिग्री कम है। दिनभर घने बादलों और लगातार छाई धुंध के कारण सूर्य लगभग न के बराबर दिखाई दिया।

मौसम विभाग के अनुसार, इस सर्दी में पहली बार दिल्ली में शीत लहर के लक्षण दिखाई दिए, क्योंकि इसके पांच निगरानी केंद्रों में से दो - सफदरजंग और पालम - में शीत लहर की स्थिति दर्ज की गई। जहां सफदरजंग स्टेशन पर अधिकतम तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 5.3 डिग्री कम है। वहीं एक अन्य महत्वपूर्ण निगरानी केंद्र पालम में भी अधिकतम तापमान 16.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 5.6 डिग्री कम है।




मौसम विभाग सामान्य अधिकतम तापमान से 4.5 से 6.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने पर शीत लहर की घोषणा करता है। आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर 2024 में न्यूनतम अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस, 2023 में 15.9 डिग्री सेल्सियस और 2022 में 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने बताया कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम है। शनिवार सुबह दृश्यता बुरी तरह प्रभावित रही। सुबह 8:30 बजे सफदरजंग में दृश्यता 200 मीटर और पालम में 350 मीटर दर्ज की गई।

दोपहर 12:30 बजे तक यह सफदरजंग में 400 मीटर और पालम में 600 मीटर तक सुधर गई। दिनभर शहर के अधिकांश हिस्सों में हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहा, जिससे दोपहर 12:30 बजे तक दृश्यता 400 से 600 मीटर के बीच रही।






# 2000 करोड़ की लागत से सेना खरीदेगी 850 घातक 'कॉमिकेज ड्रोन', ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों के बाद सेना का बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबक के बाद भारतीय सेना ने अपनी ड्रोन क्षमता को और मजबूत करने का फैसला किया है। इसके तहत सेना करीब 2000 करोड़ रुपये की लागत से 850 कॉमिकेज (लोइटरिंग म्यूनिशन) ड्रोन खरीदने की तैयारी में है।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह प्रस्ताव अधिग्रहण के एडवांस स्टेज में है और इस महीने के आखिरी सप्ताह में होने वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की उच्चस्तरीय बैठक में इसे मंजूरी मिल सकती है।

सूत्रों ने बताया कि फास्ट-ट्रैक प्रक्रिया के तहत लागू होने वाले इस प्रस्ताव में स्वदेशी स्त्रोतों से ड्रोन और उनके लांचर शामिल होंगे। इन ड्रोन का इस्तेमाल थलसेना, नौसेना, वायुसेना और विशेष बलों को सशक्त बनाने के लिए किया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने ड्रोन का व्यापक इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के भीतर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में चलाए गए इस अभियान के पहले ही दिन नौ में से सात आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए गए थे।

बाद में, आतंकियों का बचाव करने उतरी पाकिस्तानी सेना के खिलाफ भी ड्रोन का प्रभावी इस्तेमाल किया गया, जिससे भारी नुकसान और बड़े पैमाने पर ढांचागत क्षति हुई।



### 30 हजार ड्रोन शामिल किए जाएंगे

भारतीय सेना पहले से ही विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त बड़ी संख्या में लोइटरिंग म्यूनिशन का उपयोग कर रही है और आने वाले समय में करीब 30,000 ड्रोन शामिल करने की योजना पर भी काम चल रहा है। इसके तहत हर इन्फैंट्री बटालियन में एक 'अशिन प्लाटून' गठित की जाएगी, जो दुश्मन के ठिकानों पर हमले और आतंकवाद-रोधी अभियानों में ड्रोन संचालन की जिम्मेदारी संभालेगा।

कामिकेज ड्रोन को लोइटरिंग म्यूनिशन या सुसाइड ड्रोन भी कहा जाता है। ये ऐसे मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) होते हैं जिन्हें एक बार इस्तेमाल होने वाले मिशन के लिए तैयार किया जाता है। वे लक्ष्य के ऊपर मंडराते हैं, दुश्मन के ठिकानों की पहचान करते हैं, और फिर लक्ष्य से जाकर टकरा जाते हैं। इससे उनमें लगा विस्फोटक पेलोड फट जाता है।

### कॉमिकेज का मतलब है तूफान

कॉमिकेज जापानी शब्द है, जिसका अर्थ है तूफान। दूसरे विश्व युद्ध के दौरान, यह शब्द जापानी आत्मघाती पायलटों का पर्याय बन गया, जो अपने प्लेन दुश्मन के जहाजों से टकरा देते थे। इन पायलटों ने दुश्मन को पलटवार करने का मौका नहीं दिया, और ऐसा करके ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने के लिए अपना बलिदान कर देते थे।

# देश 93 एयरपोर्ट पूरी तरह ग्रीन एनर्जी पर

## दिल्ली-मुंबई समेत इन बड़े एयरपोर्ट्स ने हासिल किया ये लक्ष्य



**नई दिल्ली।** देश के 93 एयरपोर्ट ने ग्रीन एनर्जी पर काम रहे है। यह एयरपोर्ट अब अपनी बिजली और अन्य ऊर्जा जरूरतें पर्यावरण के अनुकूल स्त्रोतों से कर रहे है। राजधानी दिल्ली के अलावा अन्य व्यस्त बड़े एयरपोर्ट मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु एयरपोर्ट्स ने भी कार्बन उत्सर्जन घटाने के सबसे ऊंचे स्तर (लेवल-5) के लक्ष्य हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि देश के विमानन क्षेत्र में हरित ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ी सफलता मानी जा रही है।

एयरपोर्ट्स इंटरनेशनल काउंसिल के मुताबिक, ये हवाई अड्डे अब कार्बन न्यूट्रल बन चुके हैं, यानी यहां से निकलने वाली हानिकारक गैसें लगभग न के बराबर रह गई हैं। इसके साथ ही सरकार ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल को बढ़ावा देने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत सामान्य विमान ईंधन में 2027 तक 1 प्रतिशत, 2028 तक 2 प्रतिशत और 2030 तक 5 प्रतिशत ग्रीन ईंधन मिलाने का लक्ष्य तय किया गया है।

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान एक प्रश्न के जवाब में नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा में बताया कि,दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु के हवाई अड्डों ने कार्बन उत्सर्जन घटाने के सर्वोच्च स्तर (लेवल-5) की उपलब्धि हासिल कर ली है। सरकार ने देशभर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के विकास के लिए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट नीति बनाई है। इसके तहत यदि कोई राज्य सरकार या निजी कंपनी नया हवाई अड्डा बनाना चाहती है, तो उसे नागर विमानन मंत्रालय को प्रस्ताव भेजना होगा।

मंत्री ने कहा कि नए और मौजूदा हवाई अड्डों का विकास विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे दूर-दराज के इलाकों की कनेक्टिविटी बढ़ेगी, पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, लॉजिस्टिक्स मजबूत होगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसे बड़े ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के शुरू होने से कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे आसपास के इलाकों में उद्योगों का विकास, नए शहरों का विस्तार और निवेश बढ़ने की संभावना है। साथ ही, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और लॉजिस्टिक हब के विकास को भी मजबूती मिलेगी।

सरकार मेक इन इंडिया योजना के तहत भारत में विमान और उनसे जुड़े उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए जीएसटी दरों में सुधार, रॉयल्टी समाप्त करना, विदेशी पायलटों और तकनीकी कर्मचारियों के लिए वीजा नियम आसान करना और मरम्मत के लिए लाए गए सामान पर नियमों में छूट जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

# नई हरनंदीपुरम योजना को मिलेगी रफ्तार : नंद किशोर कलाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री नंद किशोर कलाल ने प्राधिकरण के भू-अर्जन की समीक्षा की व अवगत कराया कि गाजियाबाद, जो दिल्ली सीमा से लगा उत्तर प्रदेश का प्रमुख प्रवेश द्वार है, आने वाले समय में सुनियोजित विकास की नई मिसाल बनेगा। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण का मुख्य फोकस लैंड बैंक विकसित करने पर है, जिसके तहत नई हरनंदीपुरम योजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है।






▸ आपसी सहमति से लगभग 50 हेक्टेयर जमीन का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष मे संपन्न, 115 हेक्टेयर क्रय की प्रक्रिया मे

उपाध्यक्ष ने जानकारी दी कि हरनंदीपुरम योजना के लिए कुल लगभग 501 हेक्टेयर भूमि का क्रय प्रस्तावित है, जिसे दो चरणों में क्रियान्वित किया जाएगा। प्रथम चरण के अंतर्गत अब तक 50 हेक्टेयर भूमि का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में संपन्न हो चुका है, जबकि लगभग 115 हेक्टेयर भूमि का क्रय प्रक्रिया में है। भूमि क्रय की प्रक्रिया को और तेज करने के लिए अधिकारियों की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि किसानों से संवाद को सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एक समर्पित वेबसाइट भी लॉन्च की गई है, जिससे भूमि क्रय से जुड़ी समस्त जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उपाध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि शेष भूमि के बैनामे भी शीघ्र पूरे कर लिए जाएंगे।

श्री कलाल ने कहा कि प्रथम चरण के अंतर्गत सेटेलाइट सर्वे (टोपोग्राफिकल सर्वे) सहित योजना का लेआउट अगले तीन महीनों में तैयार कर लिया जाएगा, जिसके पश्चात जमीन पर विकास कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। हरनंदीपुरम योजना के माध्यम से गाजियाबाद के सुनियोजित शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी।


# बिग बॉस की 6 प्रतिभागियों ने आईटीएस के छात्र-छात्राओं के साथ किया संवाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहन नगर स्थित इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस यानी आईटीएस में बिग बॉस के 6 प्रतिभागियों ने छात्र-छात्राओं से संवाद किय। कार्यक्रम का शुभारंभ इंस्टिट्यूट के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढ़ा, मुख्य अतिथि मालती चाहर फिल्म निमार्ता समीर चाहर और इंस्टिट्यूट के निदेशक डॉ अजय कुमार डॉक्टर सुनील पांडे और डॉक्टर नैंसी शर्मा ने मां सरस्वती के प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर किया।




अपने स्वागत भाषण में वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि हमारे देश में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है आवश्यकता है तो सिर्फ प्रतिभावान छात्रों को आगे आने के लिए अवसर प्रदान करना। उन्होंने कहा कि मालती चाहर जैसे युवा ने अपनी मेहनत और लगन से एक मुकाम हासिल किया है। बिग बॉस 2025 के शीर्ष 6 प्रतिभागियों में शामिल एक्ट्रेस मालती चाहर ने कहा कि आप ऐसे दौर में पढ़ाई कर रहे हो जब अवसर असीमित है लेकिन चुनौतियां भी बहुत ज्यादा है। भविष्य में आपका सिर्फ डिग्री नहीं देखी जाएगी बल्कि आपका व्यक्तित्व भी देखा जाएगा।

# घने कोहरे और शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत, दिल्ली, यूपी, हरियाणा में जनजीवन प्रभावित, इन राज्यों में रेड अलर्ट



**नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में आए बदलाव के कारण पूरा उत्तर भारत घने कोहरे और शीतलहर की चपेट में है। शुक्रवार को पंजाब से बिहार तक कोहरे की मोटी परत के कारण कई जगह दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। इससे रेल, सड़क और वायु यातायात प्रभावित हुआ है। कई जगह स्कूल-कॉलेजों का समय बदलना पड़ा है।

### दिल्ली के लिए कोहरे का रेड अलर्ट जारी

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने दिल्ली के लिए कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब के कई जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक यात्रा से बचने के साथ ही वाहन चलाते समय फॉग लाइट का उपयोग करने की सलाह दी है।

### यूपी में पड़ रही कोहरे व गलन वाली ठंड

आइएमडी के अनुसार, शुक्रवार सुबह 5.30 बजे आगरा, बरेली, सहारनपुर और गोरखपुर, अंबाला, अमृतसर, बठिंडा, लुधियाना, ग्वालियर, भागलपुर और डाल्टनगंज जैसे शहरों में दृश्यता शून्य दर्ज की गई। कोहरे व गलन के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश से पूर्वांचल तक ठिठुरता रहा। बरेली मंडल के आठवीं तक के सभी स्कूल 20 तक बंद किए जा चुके हैं। मेरठ और आसपास के जिलों में लगातार दूसरे दिन दोपहर तक कोहरा छाया रहा। बीती रात हाईवे पर दृश्यता शून्य थी। आगरा में भी सुबह कोहरा छाया रहा।

वाराणसी में सुबह 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहा दृश्यता 100 मीटर तक थी। मध्य प्रदेश का ग्वालियर-चंबल अंचल घने कोहरे की चपेट में नजर आया। सुबह नौ बजे तक सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए और सड़कों पर दृश्यता 100 मीटर से भी कम रह गई।

### विमान सेवाओं पर असर, दिल्ली में 177 उड़ानें रद

आइजीआइ एयरपोर्ट पर गुरुवार रात ढाई बजे से शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक दृश्यता का स्तर 50 मीटर तक बना रहा। इससे चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 177 उड़ानें रद कर दी गईं। 84 प्रतिशत उड़ानें विलंबित रहीं, जिनकी संख्या एक हजार है।

एयरपोर्ट पर औसत विलंब की दर 45 मिनट रही। आगमन वाली उड़ानों में भी बहुत अच्छी स्थिति नहीं थी। यहां भी आधी उड़ानें विलंबित रहीं। हालांकि, विलंब की औसत अवधि यहां 15 मिनट तक रही।

### वाराणसी एयरपोर्ट से 28 उड़ानों के रद की घोषणा की

वाराणसी एयरपोर्ट से 28 उड़ानों के रद होने की घोषणा एयरलाइंस कंपनियों ने सुबह ही कर दी थीं। देहरादून एयरपोर्ट पर दिल्ली, पुणे, बेंगलुरु समेत आठ उड़ानें एक से डेढ़ घंटे विलंब से पहुंचीं।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि वह आइएमडी के साथ मिलकर काम कर रहा है, और रियल-टाइम मौसम पूर्वानुमान के आधार पर फैसले लिए जा रहे हैं। यात्रियों को एयरपोर्ट पर अनावश्यक यात्रा से बचने के लिए पहले से सूचित किया जा रहा है। पूरा रिफंड और मुफ्त रीशेड्यूलिंग की पेशकश की जा रही है।

### कोहरे का असर पूरे नेटवर्क पर पड़ सकता है- एअर इंडिया

एअर इंडिया के मुताबिक, कोहरे का असर पूरे नेटवर्क पर पड़ सकता है। इंडिगो और स्पाइसजेट ने भी कहा है कि कोहरे से प्रभावित क्षेत्रों में आगमन और प्रस्थान प्रभावित हो सकते हैं।

### कई ट्रेनों को करना पड़ा निरस्त

दिल्ली आने वाली 40 से अधिक ट्रेनें दो घंटे से अधिक विलंब से दिल्ली पहुंचीं। कोहरे के कारण भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस निरस्त कर दी गई। संभलपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से पांच घंटे देरी से पहुंची। इसके साथ ही शताब्दी, वंदे भारत समेत कई ट्रेनें 45 मिनट देरी से चली। बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं में गुरुवार रात से छाया कोहरा शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक रहा। इसके बाद शीत लहर चलने लगी। आठ ट्रेनें भी निरस्त रहीं।

# विश्व ध्यान दिवस पर पत्रकारों के लिए 'मीडिया एवं मेडिटेशन' पर विचार-संवाद का आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व ध्यान दिवस से एक दिन पूर्व यानी शनिवार को ब्रह्माकुमारीज राजयोग केंद्र, इंदिरापुरम में पत्रकारों के लिए एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'मीडिया एवं मेडिटेशन' रहा, जिसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकारों, संपादकों एवं मीडिया शिक्षाविदों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में बीके सुनीता ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का मीडिया जिस दबाव और गति में कार्य कर रहा है, वहां ध्यान पत्रकारों के लिए आंतरिक संतुलन और विवेक बनाए रखने का सशक्त माध्यम बन सकता है।

आध्यात्मिक संवाद में मीडिया मैप के एडिटर प्रो. प्रदीप माथुर ने कहा कि मेडिटेशन पत्रकारिता को केवल सूचना देने तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे समाज के लिए मार्गदर्शक और समाधान उन्मुख बनाता है।

केंद्र संचालिका, मोहन नगर बीके लवली ने उपस्थित पत्रकारों को सरल राजयोग ध्यान का अनुभव कराया, जिससे प्रतिभागियों ने मानसिक स्पष्टता और गहन शांति का अनुभव किया। ब्रह्मा कुमारीज के प्रवक्ता बीके सुशांत ने कहा कि जब मीडिया कर्मी स्वयं स्थिर और जागरूक होते हैं, तब उनके शब्द समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की शक्ति रखते हैं।

कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्वलन के पश्चात उद्घाटन संबोधन में निस्कोर्ट मीडिया कॉलेज डॉ. रीतू दुबे तिवारी ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह (एमडी, मैट्राइज न्यूज), रास बिहारी अध्यक्ष, नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट, मनीष त्रिपाठी सीनियर न्यूज एडिटर, दैनिक जागरण तथा एडवोकेट चंद्र कुमार संपादक, मीडिया मैप ने भी अपने अनुभव और दृष्टिकोण रखे।कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन केंद्र संचालिका इंदिरापुरम बी के रश्मि किया। मंच समन्वय की जिम्मेदारी बीके गणेश ने निभाई।

# अवैध खनन पर जीडीए का कड़ा प्रहार, ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम शमशेर में छापेमारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की महत्वाकांक्षी 'हरनंदीपुरम' आवासीय योजना के क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्राधिकरण ने सख्त रुख अपना लिया है। शनिवार को ग्राम शमशेर में अवैध खनन की सूचना मिलने पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खनन कार्य को बंद कराया। इस दौरान भट्ठा मालिक और उनके समर्थकों द्वारा टीम के कार्य में बाधा डालने और हंगामा करने की भी कोशिश की गई। हरनंदीपुरम योजना के लिए भूमि जुटान का कार्य इन दिनों युद्धस्तर पर चल रहा है। इसी बीच स्थानीय ग्रामीणों ने प्राधिकरण को शिकायत दी थी कि योजना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जमीनों पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब जीडीए की विशेष टीम जांच के लिए ग्राम शमशेर के खसरा संख्या 750 पर पहुंची, तो वहां बड़े पैमाने पर अवैध खनन होता पाया गया। जैसे ही टीम ने खुदाई रुकवाकर वैधानिक कार्रवाई शुरू की, मौके पर मौजूद भट्ठा मालिक ने अपने साथियों को जुटाकर प्राधिकरण की टीम को घेरने और हंगामा करने का प्रयास किया। हालांकि, प्राधिकरण के अधिकारियों ने सूझबूझ से काम लेते हुए स्थिति को नियंत्रित किया और खनन कार्य को पूरी तरह बंद करा दिया।

**दोषियों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई**

जीडीए ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित भट्ठा मालिक और संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि सरकारी योजनाओं की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध दोहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 'बाल तस्करी और जबरन वेश्यावृत्ति बेहद चिंताजनक'

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा पीड़ितों के बयानों को दें महत्व



**नई दिल्ली।** देश में बाल तस्करी और जबरन वेश्यावृत्ति की बेहद चिंताजनक स्थिति का संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि यौन तस्करी के पीड़ितों, विशेषकर नाबालिग के बयान को उचित महत्व दिया जाना चाहिए और विश्वसनीय माना जाना चाहिए।

जस्टिस मनोज मिश्रा और जोयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालतों को तस्करी की शिकार नाबालिग के साक्ष्यों को उसकी सामाजिक-आर्थिक और कभी कभी सांस्कृतिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए समझना चाहिए। खासकर तब जब वह किसी हाशिये पर स्थित या सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से पिछड़े समुदाय से संबंधित हो।




### पीड़ित नाबालिग को धमकियों, प्रतिशोध के भय रहता है

यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब पीड़ित नाबालिग हो और उसे आपराधिक धमकियों, प्रतिशोध के भय, सामाजिक कलंक और पुनर्वास के संकट का सामना करना पड़ता है। इस पृष्ठभूमि में पीड़ित के साक्ष्यों का न्यायिक मूल्यांकन संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए।

### तस्कर के खतरनाक एजेंडे के खिलाफ कोई पीड़ित बयान नहीं देती

शीर्ष अदालत ने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए तस्कर के खतरनाक एजेंडे के खिलाफ यदि कोई पीड़ित बयान नहीं देती है, तो उसे अविश्वसनीय या मानवीय आचरण के विरुद्ध मानकर खारिज नहीं किया जाना चाहिए। कानून लागू करने वाली एजेंसियों और न्यायालय के समक्ष भी यौन शोषण के भयावह परिदृश्य का वर्णन करना एक असहनीय अनुभव है। यह एक अलग तरह का उत्पीड़न है।

### संगठित अपराध नेटवर्क की जटिल संरचना विभिन्न स्तरों पर काम करती है- कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने बाल तस्करी के एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा- संगठित अपराध नेटवर्क की जटिल संरचना विभिन्न स्तरों पर काम करती है। इनमें नाबालिग पीड़तों की भर्ती, उसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाना और शोषण शामिल है।

इस तरह की संगठित आपराधिक गतिविधियां देखने में स्वतंत्र इकाइयों की तरह लगती हैं, जिनके गुप्त अंतसंबंधों को छल और कपट के जरिये बड़ी चतुराई से छिपाया जाता है, ताकि भोले-भाले पीड़तों को गुमराह किया जा सके।

### विधान सेमिली स्वतंत्रता उपहार नहीं बल्कि देश की पहली जिम्मेदारी : सुप्रीम कोर्ट

पासपोर्ट नवीनीकरण के दौरान अधिकारी द्वारा भविष्य की यात्राओं या वीजा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी मांगने को अनुचित ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि हमारी संवैधानिक व्यवस्था में स्वतंत्रता देश का उपहार नहीं, बल्कि यह उसकी पहली जिम्मेदारी है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और एजी मसीह की पीठ ने कहा कि पासपोर्ट अधिकारी का काम केवल ये देखना है कि लंबित मामलों के बावजूद, क्या क्रिमिनल कोर्ट ने अपनी निगरानी में यात्रा की संभावनाओं को खुला रखा है या नहीं।

सुप्रीम कोर्ट ने कोलब्लॉक आवंटन घोटाले में आरोपित महेश कुमार अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई कररहाथा। आरोपित के खिलाफ यूएपीए के तहत रांची की एनआइए कोर्ट में केस चल रहा है।

आरोपित ने जमानत शर्तों के तहत अपना पासपोर्ट अदालत में जमा कर रखा है और उसका नवीनीकरण कराना चाहता था। पासपोर्ट 2023 में ही एक्सपायर हो चुका था। आरोपित को कलकत्ता हाई कोर्ट से पासपोर्ट नवीनीकरण की छूट नहीं दी गई थी।

# हिंदू युवक की लिंचिंग पर शशि थरूर का पहला रिएक्शन

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद फैली अशांति के बीच एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हिंदू युवक की हत्या को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक्स पर किए पोस्ट में लिखा कि बांग्लादेश भर में व्याप्त भीड़तंत्र के बीच यह एक असहनीय रूप से दुखद घटना है। इस निर्मम अपराधियों के हाथों इस बेचारे हिंदू युवक की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए, मैं बांग्लादेश सरकार द्वारा जारी निंदा की सराहना करता हूं, लेकिन मुझे उनसे यह पूछना होगा कि वे हत्यारों को दंडित करने के लिए क्या कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों?

बता दें कि बांग्लादेश में यह घटना कट्टरपंथी युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भड़की हिंसा के बीच हुई। कांग्रेस नेता शशि थरूर के अलावा कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और शिवसेना यूबीटी नेता प्रियंका चतुवेर्दी ने भी इसकी निंदा की है।

# 'मेसी को छूना-गले लगना पसंद नहीं', SIT से बोले आयोजक- अव्यवस्था से नाराज होकर निकले



**कोलकाता।** कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में 13 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम के दौरान अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी कथित तौर पर असहज और नाराज हो गए थे। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सतद्रु दत्ता ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) से पूछताछ में यह जानकारी दी है। एसआईटी से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, दत्ता ने बताया कि मेसी को मंच पर लोगों द्वारा पीछे से छूना या गले लगाना बिल्कुल पसंद नहीं आया। उनके विदेशी सुरक्षा अधिकारियों ने पहले ही यह चेतावनी दी थी कि मेसी से शारीरिक दूरी बनाए रखी जाए। इसके बावजूद भीड़ पर कोई असर नहीं पड़ा, और बार-बार की गई सार्वजनिक घोषणाओं के बाद भी लोग नहीं रुके।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...




करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Puneet Barara updated his profile picture.
4h



# जब कड़कड़ाती ठंड में गरीबों को कंबल ओढ़ाकर राहत देने के लिए निकले शहर विधायक संजीव शर्मा

## शीतकालीन सत्र में समय मिलते ही विधानसभा क्षेत्र में हुआ ये नेक काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है और ऐसे में उनके लिए जीवन एक बड़ी चुनौती बनता है जिनके सर पर छत नहीं है। जिनके पास सर्दी से बचने के लिए गर्म कपड़े नहीं है। सड़क किनारे कूड़ा जलाकर उससे ठंड दूर करना उनके लिए एक उपाय होता है। कईऐसे भी हैं जो सिर्फ सामान्य कपड़ों में खुद को ठंड से बचाने के लिए संघर्ष करते हैं। सर्दी की मार है और ऐसे में एक जनप्रतिनिधि ऐसा भी जिसने अपनी विधानसभा में रहने वाले उन गरीबों की सुध ली है जो उसके वोट नहीं है। राजनीति में कई बार ये आरोप भी लग जाता है कि वोट बैंक के लिए काम हो रहा है। लेकिन शहर विधायक संजीव शर्मा जब कंबल लेकर शहर में निकले तो उनकी नजर सड़क किनारे उन लोगों पर थी जो सर्दी में ठिठुर रहे हैं जिनके पास गर्म कपड़े नहीं है या जिन्हें वास्तव में जरूरत है। सबसे बड़ी बात ये है ये लोग मतदाता नहीं है लेकिन ये इंसान है और इस इंसानियत को शहर विधायक संजीव शर्मा महसूस कर रहे हैं। सबसे खास बात ये रही कि इस नेक काम में जिला प्रशासन के अधिकारी भी साथ आये और उन्होंने भी शहर में कई स्थानों पर गरीबों को कंबल वितरित किये। शनिवार को शहर विधायक संजीव शर्मा, एसडीएम अरूण दीक्षित, तहसीलदार रितेश कुमार निकले और उन्होंने सड़क किनारे ठंड से कांप रहे लोगों को कंबल वितरित किये। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य यही था कि जरूरतमंद लोगों को कंबल मिले और कोई भी व्यक्ति ठंड से पीड़ित ना हो। इसके लिए एक स्थान पर कार्यक्रम ना रखकर स्वयं शहर में घूम घूम कर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करने का निर्णय लिया गया। पूरे शहर में घूमें हैं और पुराना बस स्टेंड, बजरिया, एमएमजी अस्पताल के पास, दिल्ली गेट, रेलवे स्टेशन सहित कई स्थानों पर लोगों को कंबल ओढ़ाये हैं। स्वयं इस काम को किया है और खुद को सौभाग्यशाली समझता हूं कि मुझे यह सेवा का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि कई लोग ऐसे मिले जो केवल कमीज पहने थे। उन लोगों को कंबल ओढ़ाया गया। कहीं पर लोग सर्दी से बचने के लिए अलाव ताप रहे थे उन्हें कंबल वितरित किये। इसके अलावा कूड़ा बीनने वाले लोगों को भी कंबल दिये गये। शहर विधायक संजीव शर्मा ने बताया कि लगभग 18 से 20 स्थानों पर ये कंबल वितरित किये गये हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ में विधानसभा का शीतकालीन सत्र चल रहा है और जैसे ही वहां से अवकाश मिला तो समय निकाल कर सबसे पहले प्रथम प्राथमिकता के आधार पर मानव सेवा का यह कार्य किया गया।

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी यह अभियान जारी रहेगा। प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश दिये गये हैं और शहर विधायक संजीव शर्मा ने सभी समाजिक संस्थाओं से अपील की कि वो अपने आस पास किसी भी जरूरत मंद व्यक्ति को ऐसी स्थिति में देखें तो जरूर कंबल और कपड़ों का दान करें उन्हें सहयोग करें। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र से लौटने के बाद फिर से वो शहर में घूमेंगे और मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग करेंगे।









# सर्दी के मौसम में बूथ पर डटे देवतुल्य कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपा गये क्षेत्रीय अध्यक्ष

## पार्षद के नेतृत्व में टीम ने संभाली है डीएलएफ में कमान



क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने पार्षद और टीम की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत कार्यकर्ताओं की यही क्षमता है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान को लेकर देश की सबसे बड़ी विधानसभा में स्पीड कम है लेकिन यहां कार्यकर्ताओं ने पूरा दम लगाया है।

यहां अगर कोई सबसे बड़ा कारण है तो वो ये है कि मतदाताओं के घर पर पहुंचा फार्म लौटकर बहुत कम आया है। लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं है कि सर्दी के मौसम में भी भाजपा के पार्षद और कार्यकर्ता अभियान को सफल बनाने के लिए पसीना बहा रहे हैं। कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उसके बड़े नेता आ रहे हैं। शनिवार को भी भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया जब वार्ड संख्या 10 में पहुंचे तो वो ये देखकर हैरान रह गये कि ठंड के मौसम में भी एसआईआर का काम चल रहा है और पार्षद से लेकर कार्यकर्ता तक काम में जुटे हुए हैं। डीएलएफ वार्ड संख्या 10 में एसआईआर अभियान पार्षद रेखा गोस्वामी के नेतृत्व में चल रहा है। रेखा गोस्वामी भाजपा की कार्यकर्ता है इस वार्ड से निर्वाचित पार्षद हैं और वो भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष तथा वर्तमान क्षेत्रीय पदाधिकारी और प्रभारी मानसिंह गोस्वामी की धर्मपत्नी हैं। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने जब टीम वर्क का जब ये नजारा देखा तो उन्होंने कार्यकर्ताओं की जमकर प्रशंसा की। उनका उत्साहवर्धन किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने पार्षद और उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा की असली ताकत कार्यकर्ताओं की यही क्षमता है।

पार्षद रेखा गोस्वामी ने बताया कि खुद उन्होंने और उनकी टीम में वार्ड में घर घर जाकर इस तरह से काम किया है जैसे चुनाव के दौरान प्रचार किया जाता है। हमने एसआईआर फार्म बांटे और कई बार तो क्षेत्र में चार-चार मंजिल के भवनों पर भी जाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमाने अपनी टीम के साथ काम किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया को इस टीम की विस्तार से जानकारी दी तो वो भी प्रसन्न हुए। पार्षद रेखा गोस्वामी ने कहा कहा कि अब हमारा फोकस फार्म 6 पर रहेगा। नई वोट को लेकर काम कर रहे हैं। इस दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी भी मौजूद थे।

यहां पर शालीमार गार्डन मंडल अध्यक्ष अशोक भाटी, मंडल मंत्री मनोज गुप्ता, विपिन मिश्रा, सौरभ, जितेन्द्र शर्मा, राजेश जैन, रमा जैन, नेहा, सुभाष रूहेला, राजेश चौहान भी मौजूद रहे और इन सबने भी क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया का स्वागत किया।

# मंडल अध्यक्ष ने क्यों बताया इन्दिरापुरम का एकमात्र अधिकृत कार्यालय नदियापार के इस मंडल में क्या चल रहा है कोई भगवा गतिरोध

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** फूल वालों को जब एकजुट होकर एसआईआर अभियान में जुटना था तो सीन सर और मैडम के बीच आ गया है। मेरा फार्म तेरा फार्म वाला किस्सा होते होते अब इस बात पर आ गया कि असली हम हैं और हमारी कोई अन्य ब्रांच नहीं है। फूल वालों में ही चर्चा है कि आखिर मंडल अध्यक्ष मैडम को क्यों ये बताना पड़ा कि उनका कार्यालय ही एक मात्र अधिकृत कार्यालय है। फूल वाले वैसे ये भी पूछ रहे हैं कि अधिकृत कार्यालय की क्या परिभाषा है और क्या ऐसा कोई निर्देश है कि पूर्व वाले अपने अपने कार्यालय पर एसआईआर फार्म का काम नहीं कर सकते। किस्सा इन्दिरापुरम वाले मंडल में गूंज रहा है। बताया जाता है कि यहां पर दो पूर्व मंडल अध्यक्षों ने भी अपना कार्यालय खोला हुआ है। यहां पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला और पूर्व मंडल अध्यक्ष हरमीत बख्क्षी के दफ्तर हैं। अब यहां की मंडल अध्यक्ष पूर्व पार्षद मंजुला गुप्ता हैं। एसआईआर फार्म का काम चल रहा है और मैडम चाहती हैं कि एसआईआर के फार्म इन्दिरापुरम वाले मंडल कार्यालय पर आयें और मंडल कार्यालय से उनका मतलब मंडल अध्यक्ष यानी मंजुला गुप्ता का कार्यालय है। यहां तक तो सब ठीक था लेकिन आखिर ऐसा क्या हो गया कि मंडल अध्यक्ष को विशेष तौर इन्दिरपुरम निवासियों से ये अनुरोध करना पड़ा कि वो इन्दिरापुम के एकमात्र अधिकारिक कार्यालय में आयें।


उन्होंने व्हाट्सऐप ग्रुप पर लिखा कि सभी कृपया ध्यान दें कि 21 दिसम्बर रविवार तक जमा किये गये सभी फार्म के मतदाताओं के चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची की पहली कटऑफ (एसआईआर के बाद) में शामिल होने की पूर्ण संभावना है। इसलिए सभी इन्दिरापुरम निवासियों से अनुरोध है कि वे इन्दिरापुरम मंडल के एकमात्र अधिकारिक कार्यालय में आयें।

यहां उन्होंने शक्तिखंड वाला एड्रेस भी दिया और ये भी कहा कि अपने फार्म भरें और हमारी टीम आपकी सहायता के लिए तत्पर है। सवाल अब यही गूंज रहा है कि जब मिलजुल कर काम कर सकते हैं तो फिर ऐसी क्या बात हो गई कि उन्हें जनता को ये बताना पड़ा कि इन्दिरापुरम मंडल के एकमात्र अधिकारिक कार्यालय पर आयें। ये भी बताना पड़ा कि मंत्री जी के कार्यालय में सिद्धार्थ शर्मा को लगभग 300 भरे हुए फार्म जमा किये हैं।

ये फार्म इन्दिरापुरम के मंडल कार्यालय और मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित विभिन्न शिविरों में भरे और एकत्रित किये गये हैं। मंडल के भाजपाई दबी जुबान से ये बता रहे हैं कि इंटरनली घमासान चल रहा है। वो बता रहे हैं कि एसआईआर अभियान तो अभी झांकी है और असली महाभारत को फार्म 6 वाली बाकी है। खास बात ये है कि मंडल के वार्ड में सीन बिल्कुल हार्ड नहीं है। यहां पार्षद अपने-अपने वार्ड में काम कर रहे हैं। लेकिन एक मंडल में तीन कमंडल का दंगल दिखाई दे रहा है। दो पूर्व अध्यक्ष अलग ताल ठोक रहें हैं और मौजूदा मंडल प्रधान मैडम को आकर ये बताना पड़ा है कि मंडल का एकमात्र अधिकृत कार्यालय ये है। वैसे भाजपा वाले ही ये पूछ रहे हैं कि ऐसी स्थिति में महानगर अध्यक्ष को ही खुद यह स्पष्ट करना चाहिए कि अधिकृत कार्यालय कौन सा है और क्या जनता को अधिकृत कार्यालय पर फार्म जमा करने हैं या वो कहीं भी जमा कर सकते हैं।







BJP इंदिरापुरम मंडल आ...
only admins can send mess...

आज हमने मंत्री जी के कार्यालय में श्री सिद्धार्थ शर्मा को लगभग 300 भरे हुए फॉर्म (जिनमें से वार्ड 98 के 160 फॉर्म शामिल हैं) जमा किए। ये फॉर्म इंदिरापुरम मंडल कार्यालय और मंडल अध्यक्ष श्रीमती मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित विभिन्न शिविरों में भरे और एकत्र किए गए थे।

सभी कृपया ध्यान दें कि 21 दिसंबर (रविवार) तक जमा किए गए सभी फॉर्म के मतदाताओं के चुनाव आयोग द्वारा प्रकाशित मतदाता सूची की पहली कट-ऑफ (SIR के बाद) में शामिल होने की पूर्ण संभावना है। इसलिए सभी इंदिरापुरम निवासियों से अनुरोध है कि वे इंदिरापुरम मंडल के एकमात्र आधिकारिक कार्यालय में आएं:

391 शक्ति खंड 1, दीपांशु रेस्टोरेंट के पीछे

अपने फॉर्म भरें। हमारी टीम आपकीसहायता के लिए तत्पर है।

यदि आप 20 या 21 दिसंबर को अपने क्षेत्र/सोसाइटी में शिविर आयोजित करना चाहते हैं या आपको अपने क्षेत्र/सोसाइटी के लिए फॉर्म 6 की आवश्यकता है, तो

## गौवंश को भीषण सर्दी से बचाने के लिए निगम ने चलाया गौवंश संरक्षण अभियान

# 1800 गौवंशों के लिए जला है सर्दी में अलाव और हवाओं से बचाने के लिए लगाये गये हैं तिरपाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सर्दियां शुरू हो गईं हैं और ठंड का ये मौसम इंसानों के साथ-साथ पशु और पक्षी के लिए भी जानलेवा है। ठंड में किसी भी गौवंश की सर्दी से मौत ना हो, इसके लिए नगर निगम ने अभियान चलाया है। गौवंश को बचाने का ये अभियान नगर आयुक्त आईएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक के परोपकारी प्रयासों का एक बड़ा उदाहरण है। नगर निगम ने गौवंश संरक्षण अभियान में नंदी पार्क स्थित गौशाला में निराश्रित गौवंशों को लाने का काम शुरू किया है। इस अभियान में ऐसे गौवंशों को लाया जा रहा है जो निराश्रित है। जिनका कोई पालनहार दिखाई नहीं देता है और ये गौवंश खुले में मिले हैं। नगर निगम के सभी पांचों जोन में अभियान के रूप में कार्यवाही की जा रही है। स्वयं नगर आयुक्त ने पशु पालकों से भी ये अपील की है कि वो खुले में गौवंशों का ना छोड़ें और निगम कर्मचारियों को निर्देश दिये हैं कि बढ़ती ठंड को देखते हुए निराश्रित गौवंशों को गौशाला लाने का अभियान तेज करें। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नंदी पार्क गौशाला में 1800 से अधिक गौवंशों की देखभाल की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने पशु पालकों से भी अपील की है कि वो ऐसी सर्दी में अपने गौवंशों को सड़कों पर ना छोड़ें। पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ आशीष त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि कई महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित किया गया है जहां पर सड़कों पर गौंवशों को खुले में छोड़ने की शिकायत प्राप्त हो रही है वहां विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निराश्रित गौवंशों को नंदी पार्क गौशाला में पहुंचाया जा रहा है।



### गौशाला में की गई है अलाव और बेहतर भोजन की व्यवस्था

करंट क्राइम। नगर निगम ने गौवंश को सर्द मौसम में बचाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। लगभग 1800 से अधिक गौवंश इस समय नंदी पार्क गौशाला में हैं। इन गौवंशो को ठंड से बचाने के लिए गौशाला में अलाव की व्यवस्था की जा रही है। उन्हें मौसम से बचाने के लिए तिरपाल की व्यवस्था की गई है और अधिक मात्रा में अच्छा खिलाया जा रहा है।



### अगर सड़क पर छोड़ देते हैं गाय तो निगम करेगा जुर्माना वसूल



करंट क्राइम। कुछ ऐसे भी गौपालक हैं जो गायों को पालते हैं लेकिन दूध निकालने के बाद प्रतिदिन सड़कों पर छोड़ देते हैं। कुछ ऐसे पशुपालक हैं जो गाय को रख लेते हैं और गौवंश को सड़क पर छोड़ देते हैं। नगर निगम ने अब अभियान चलाया है और ऐसे पशुपालक जो गौवंश को सड़क पर छोड़ते हैं उन गौवंश को गौशाला लाया जाता है और उनसे जुर्माना वसूलने के बाद पशु वापस दिया जाता है। तीन महीने में लगभग ढाई लाख की वसूली की गई है। उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष में लगभग 12 लाख 74 हजार रूपये की वसूली उन पशुपालकों से की गई है जिन्होंने पालतू गौवंशो को सड़क पर छोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि अभियान जारी है और ऐसे पशु पालकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये जा चुके हैं।

# राजनीति, सच और पाखंड : एक प्रत्यक्ष अनुभव - बालेश्वर त्यागी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में सदैव सच के साथ खड़ा होना लाभकारी नहीं होता। अधिकतर नेता वाहवाही के लिए झूठ और पाखंड से परहेज नहीं करते। इसका मैं अपना एक अनुभव साझा करता हूं। नब्बे के दशक के अंतिम वर्षों की बात है पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना को लेकर आंदोलन अपने उत्कर्ष पर था। मैं उन दिनों मंत्री था। मैंने राज्य के शीर्ष नेतृत्व से बात की। उन्होंने सूचित किया कि पश्चिम में बैंच स्थापना का निर्णय नहीं होने जा रहा है। इसलिए मैंने न तो बार के आंदोलन के समर्थन में कोई सार्वजनिक वक्तव्य दिया और न बार में आकर आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। मैं नैतिक रूप से ये भी नहीं कह सकता था कि बैंच की स्थापना का निर्णय नहीं होने जा रहा है।

मेरे जो राजनैतिक विरोधी थे उन्होंने इसे मुद्दा बनाने का प्रयास किया कि मैं हाईकोर्ट बैंच के समर्थन में नहीं हूं। जबकि सच्चाई ये है कि मैने हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना के आंदोलन में न केवल सक्रिय रूप से भाग लिया बल्कि 18 दिन जिला कारागार मेरठ में जेल यात्रा भी की।

दूसरी ओर भाजपा के कई नेता हाईकोर्ट बैंच के समर्थन में वक्तव्य देते रहे। एक बड़े नेता ने तो प्रेस से कह दिया कि हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना शीघ्र होने जा रही है। जब पत्रकार ने पूछा कि यथाशीघ्र का मतलब एक सप्ताह भी हो सकता है क्या? तो उन्होंने उत्तर दिया कि हां एक सप्ताह भी हो सकता है। ऐसा बिल्कुल नहीं था कि उन्हें पता नहीं था कि बैंच की स्थापना का निर्णय नहीं होने जा रहा है। वे प्रदेश के संगठन के प्रमुख लोगों में थे इसलिए संगठन और सरकार के निर्णयों से पूरी तरह अवगत थे। मेरा अब भी मत है कि उन्होंने केवल फौरी वाहवाही के लिए ऐसे वक्तव्य दिए। वे जानते थे कि बैंच की स्थापना का निर्णय नहीं हो रहा है।

मुझे लगता था कि शासन के स्तर पर बैंच देने का निर्णय नहीं होने जा रहा है यह मेरी जानकारी में था फिर मैं क्यों लोगों से झूठ बोलूं? या आंदोलन के समर्थन का पाखंड क्यों करूं? मैं मंत्री रहूं या न रहूं, विधायक रहूं या न रहूं। गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के बीच तो रहूंगा। उनके प्रति तो मेरी जवाबदारी सदैव बनी रहेगी। इसलिए मुझे बार में जाकर आंदोलन के समर्थन की घोषणा करने का पाखंड करना गवारा नहीं हुआ। इसका परिणाम ये हुआ कि मुझे आंदोलन विरोधी घोषित कर दिया गया। जिसका मुझे चुनावों में खामियाजा उठाना पड़ा। जो यथा शीघ्र की घोषणा कर रहे थे वे उस समय भी हीरो माने ही गए। बाद में भी किसी ने उनसे नहीं पूछा कि हाईकोर्ट की बैंच कहां गई ?

### पांच प्रमुख बातें

1. **राजनीति में सच का संकट :** राजनीति में सदैव सच के साथ खड़ा होना लाभकारी नहीं होता।
2. **सरकारी निर्णय की जानकारी :** पश्चिम में बैंच स्थापना का निर्णय नहीं होने जा रहा है।
3. **आंदोलन में वास्तविक भागीदारी :** मैने हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना के आंदोलन में न केवल सक्रिय रूप से भाग लिया बल्कि 18 दिन जिला कारागार मेरठ में जेल यात्रा भी की।
4. **फौरी वाहवाही का आरोप :** मेरा अब भी मत है कि उन्होंने केवल फौरी वाहवाही के लिए ऐसे वक्तव्य दिए।
5. **पाखंड से इनकार और उसका परिणाम :** बार में जाकर आंदोलन के समर्थन की घोषणा करने का पाखंड करना गवारा नहीं हुआङ्क मुझे चुनावों में खामियाजा उठाना पड़ा।

## संपादकीय

### माल भाड़े की कमाई बढ़ेगी

रेलवे से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने एक रिपोर्ट तैयार की है जिसका शीर्षक है, भारतीय रेल की बढ़ती माल भाड़े संबंधी आय और समर्पित मालवहन गलियारों का विकास। यह रिपोर्ट मंगलवार को संसद के समक्ष पेश की गई। इस रिपोर्ट में रेलवे की माल भाड़े से होने वाली आय में विविधता लाने को लेकर कुछ अहम सुझाव दिए गए हैं। उदाहरण के लिए, यह सुझाव दिया गया है कि रेलवे को कोयला और लौह अयस्क की पारंपरिक ढुलाई पर निर्भरता से आगे बढ़कर भारत के तेजी से विस्तार कर रहे ई-कॉमर्स क्षेत्र से संबंधित आधुनिक माल ढुलाई की ओर ध्यान देना चाहिए।

रिपोर्ट में नए मालवहन कॉरिडोर बनाने की दलील दी गई है, जिनमें से कुछ को निजी फंडिंग से संचालित करने का सुझाव दिया गया है। इसमें रेलवे को माल ढुलाई से प्राप्त होने वाली आय पर भी विचार किया गया है, जो इसके संचालन के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। मालवहन हर वर्ष रेलवे की आय में लगभग 65 से 70 फीसदी का योगदान करता है। उदाहरण के लिए, वर्ष 2023-24 में रेलवे को कुल 2.6 लाख करोड़ रुपये की आय में से लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये माल ढुलाई से प्राप्त हुए। वर्तमान प्रबंधन ने इस राजस्व स्रोत को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है, जिसमें तर्कसंगत शुल्क, रोलिंग स्टॉक में वृद्धि और ह्यगति शक्तिह्न अधोसंरचना कार्यक्रम के तहत टर्मिनल का निर्माण शामिल है।

माल ढुलाई में हुई इस वृद्धि को सहारा देने वाली अतिरिक्त लोडिंग आंशिक रूप से उन स्थिर दरों के कारण है जो रेलवे ने प्रदान की हैं। हालांकि, इसने समिति का ध्यान आकर्षित किया और उसने इंगित किया कि दरों में अंतिम बड़ा संशोधन 2018 में हुआ था। सांसदों का तर्क है कि संगठन को दरों का वार्षिक आकलन करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे दरें राजमार्गों और अन्य परिवहन साधनों की तुलना में प्रतिस्पर्धी बनी रहें।

निस्संदेह, मालवहन परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी एक ऐसी समस्या है जिसे संबोधित करने की आवश्यकता है। उदारीकरण की शुरूआत में 1991 में, इसकी हिस्सेदारी लगभग 60 फीसदी थी, लेकिन हाल के वर्षों में यह घटकर 27-29 फीसदी के बीच रही। सरकार ने इसे 2030-31 तक बढ़ाकर 45 फीसदी करने की योजना बनाई है, जिसमें जलवायु परिवर्तन को लेकर प्रतिबद्धता भी शामिल है।

परंतु माल भाड़े पर ध्यान देने से समस्या का केवल एक ही हिस्सा हल होगा। भारतीय रेल की एक बुनियादी समस्या है यात्री किराये में दी जाने वाली रियायत की भरपाई माल भाड़े से करना। समिति ने इस मुद्दे को बेहद सावधानी से स्पर्श किया है। समिति का कहना है कि वातानुकूलित श्रेणियों की आय की समीक्षा की जानी चाहिए ताकि उसे व्यय के अनुरूप बनाया जा सके।

# अब सिर्फ 'चिट्ठी' नहीं, डिजिटल क्रांति भी...

## 2025 में इंडिया पोस्ट का कायाकल्प, पासपोर्ट व बैंकिंग बनी लाइफलाइन

**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 भारतीय डाक विभाग के लिए एक बदलाव भरा साल साबित हुआ। संचार मंत्रालय के तहत आने वाले इस विभाग ने अपनी भूमिका को केवल चिट्ठी-पत्री तक सीमित न रखकर, खुद को आम लोगों के लिए केंद्रित डिजिटल, वित्तीय और प्रशासनिक सेवाओं की रीढ़ (बैकबोन) के रूप में स्थापित कर लिया है। मंत्रालय की ओर से जारी ईयर इंड रिव्यू के अनुसार, भारतीय डाक ने अपने विशाल नेटवर्क का इस्तेमाल करते हुए, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सेवाओं की कमी को दूर करने का काम किया है।

**पासपोर्ट और आधार सेवाओं में बड़ी छलांग :** आम नागरिकों को सुविधा देने में विभाग की सबसे बड़ी उपलब्धि 'डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों' का विस्तार रही। विदेश मंत्रालय के साथ सहयोग करते हुए, 30 नवंबर 2025 तक देश भर में 452 संचालित किए जा रहे थे, जिससे पासपोर्ट सेवाएं लगभग हर लोकसभा क्षेत्र तक पहुंच गईं। जनवरी से नवंबर के बीच, विभाग ने 29 लाख से अधिक पासपोर्ट-संबंधित आवेदनों को प्रोसेस किया, इससे न केवल आवेदकों को सहूलियत हुई, बल्कि विभाग को 114.88 करोड़ रुपये का राजस्व भी मिला।

इसी तरह, आधार सेवाओं को मजबूत करने में भी डाक विभाग ने अहम भूमिका निभाई। देश भर में 13,000 से अधिक आधार केंद्र डाकघरों से संचालित हुए। 'राष्ट्रीय डाक सप्ताह' के दौरान स्कूलों में 1,500 से अधिक विशेष शिविर लगाए गए। कुल मिलाकर, 2025 में 2.35




करोड़ से अधिक आधार नामांकन और अपडेट किए गए, जिससे 129.13 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया गया।

**डोर-स्टेप केवाईसी में दिया बड़ा योगदान :** वित्तीय समावेशन और कनेक्टिविटी पर जोर वर्ष 2025 में वित्तीय समावेशन विभाग की प्राथमिकता रहा। भारतीय डाक ने म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए लगभग 5 लाख 'डोर-स्टेप केवाईसी' सत्यापन पूरे किए। एम्फी (एएमएफआई), यूटीआई और एसबीआई म्यूचुअल फंड जैसे दिग्गजों के साथ हुए समझौतों ने डाकघरों को निवेश वितरण का एक भरोसेमंद माध्यम बना दिया है।

**सिम कार्ड की बिक्री और रिचार्ज की सुविधा :** दूरसंचार के क्षेत्र में भी विभाग ने बीएसएनएल के साथ समझौता कर अपनी पहुंच बढ़ाई है। अब 1.64 लाख से अधिक डाकघरों में सिम कार्ड की बिक्री और रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है, जिससे विशेष रूप से उन क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी सुधरी है जहां नेटवर्क की पहुंच कम थी।

**तकनीकी नवाचार :** भारतीय डाक ने इसरो और आईआईटी हैदराबाद के सहयोग से 'डिजिपिन' लॉन्च किया। यह 10-अक्षरों वाली जियो-कोडेड डिजिटल एड्रेस प्रणाली है, जो भारत में हर 4x4 मीटर के ग्रिड की विशिष्ट पहचान करती है। इस नवाचार को 'एशियन-पैसिफिक पोस्टल यूनियन बिजनेस फोरम' में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

**निर्यात और रोजगार को बढ़ावा :** लघु उद्योगों और कारीगरों को वैश्विक बाजार देने के लिए 'डाक घर निर्यात केंद्र' की पहल को 1,000 से अधिक केंद्रों तक विस्तारित किया गया। इसके जरिए लगभग 287 करोड़ रुपये का निर्यात संभव हुआ, जिससे महिला उद्यमियों और एमएसएमई को सीधा लाभ मिला। वहीं, रोजगार सृजन में योगदान देते हुए विभाग ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 1.69 लाख इकाइयों का भौतिक सत्यापन किया।

**सांस्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति :** डाक विभाग ने 'हर घर तिरंगा' अभियान 4.0 के तहत 28 लाख से अधिक राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, यूपीआई-यूपीयू इंटरलिंकेज की सफल लॉन्चिंग और रूस के साथ 'इंटरनेशनल ट्रैक्ड पैकेट सर्विस' समझौते ने भारत की 'पोस्टल डिप्लोमेसी' को नई मजबूती दी है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- मध्य युग के दौरान, यूरोप में लौंग, स्वाद और गार्निश भोजन के लिए लौंग का इस्तेमाल किया जाता था।
- इंडोनेशियाई लोकप्रिय क्रेटेक सिगरेट के निर्माण के लिए तंबाकू के साथ लौंग का मिश्रण करते हैं।
- लौंग की खेती लगभग पूरी तरह से इंडोनेशिया तक ही सीमित थी, और 17 वीं शताब्दी की शुरूआत में डच ने कमी बनाने और उच्च कीमतों को बनाए रखने के लिए अंबोना और टर्ननेट को छोड़कर सभी द्वीपों पर लौंगों को खत्म कर दिया था।
- 18 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में फ्रांसीसी ने ईस्ट इंडीज से हिंद महासागर द्वीपों और नई दुनिया में लौंगों को तस्करी कर दिया, जिससे डच एकाधिकार टूट गया।
- मोलुकास के लोगों ने परंपरागत रूप से अतीत में लौंग के पेड़ों को एक नए सदस्य के साथ परिवार के विस्तार का जश्न मनाने के लिए लगाया।
- क्या आप जानते हैं? 17 वीं और 18 वीं सदी में ब्रिटेन में, लौंग कम से कम उनके वजन को सोने में तोलने लायक थे, क्योंकि उन्हें आयात करने की उच्च कीमत थी।

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा

## एफटीए के बिना भारत को नहीं मिलेगी बराबरी



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने वैश्विक कपड़ा और परिधान निर्यात बाजार में भारत को बराबरी दिलाने के लिए और अधिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश जैसे प्रतिस्पर्धी देशों को एफटीए का बड़ा लाभ मिल रहा है, जबकि भारत को अभी इस मोर्चे पर और तेजी दिखाने की जरूरत है।

यह बात उन्होंने शनिवार को अपैरल एक्सपोर्ट्स प्रमोशन काउंसिल के पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कही। उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहले वैश्विक स्तर पर परिधान निर्यात में भारत के सामने बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धी नहीं थे, लेकिन अब बांग्लादेश, लाओस, कंबोडिया, वियतनाम और कई अफ्रीकी देश कड़ी चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एफटीए अब जरूरी हो गया है। हमारे प्रतिस्पर्धी देशों को सबसे बड़ा फायदा इसी का मिल रहा है।

**2030 तक कपड़ा उद्योग को 350 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य :** उपराष्ट्रपति ने बताया कि भारत का लक्ष्य 2030 तक कपड़ा उद्योग का आकार 350 अरब डॉलर तक पहुंचाने का है, जिसमें से 100 अरब डॉलर का योगदान निर्यात से होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने परिधान उद्योग से नए बाजार तलाशने, पर्यावरण अनुकूल उत्पादन, जिम्मेदार सोर्सिंग और अपशिष्ट कम करने की रणनीतियां अपनाने का आह्वान किया।

**अमेरिका के साथ एफटीए एक बड़ी बाधा :** अमेरिका के साथ एफटीए को लेकर अनिश्चितता पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि फिलहाल यही एक बड़ी बाधा है, लेकिन यह भी समय के साथ सुलझ जाएगी। उन्होंने माना कि भू-राजनीतिक हालातों के चलते भारतीय कपड़ा उद्योग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, इसके बावजूद भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा कपड़ा और परिधान निर्यातक बना हुआ है।

## सबका बीमा सबकी रक्षा (विधेयक 2025) से बीमा कवरेज बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** संसद से इस सप्ताह पारित सबका बीमा सबकी रक्षा (बीमा कानून संशोधन) विधेयक, 2025 से देश में बीमा कवरेज बढ़ाने, संचालन दक्षता सुधारने और बाजार को अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी केयरएज रेटिंग्स के अनुसार, यह विधेयक 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के दीर्घकालिक लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अहम कदम है।

विधेयक के जरिए बीमा अधिनियम, 1938, भारतीय जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 और आईआरडीएआई अधिनियम, 1999 में संशोधन किया गया है। इसके तहत बीमा कंपनियों में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है, साथ ही बीमा नियामक के अधिकारों को भी मजबूत किया गया है।



**100% एफडीआई से निवेश और तकनीक को बढ़ावा :** सरकार का कहना है कि एफडीआई सीमा को 100 प्रतिशत करने से बीमा क्षेत्र में पूंजी निवेश बढ़ेगा, अत्याधुनिक तकनीक और वैश्विक सर्वश्रेष्ठ प्रथाएं आएंगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इससे प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिसका सीधा लाभ ग्राहकों को बेहतर उत्पादों और सेवाओं के रूप में मिलेगा।

रेटिंग्स के सीनियर डायरेक्टर संजय अग्रवाल के मुताबिक, जिन बीमा कंपनियों में विदेशी हिस्सेदारी पहले ही 74 प्रतिशत के करीब है, उनके लिए यह अतिरिक्त सीमा नई पूंजी लाने और सॉल्वेंसी मजबूत करने में मददगार होगी।

**पॉलिसीधारकों की सुरक्षा पर जोर :** विधेयक में पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा के लिए पॉलिसीहोल्डर्स एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फंड की स्थापना का प्रावधान किया गया है। इसका उद्देश्य बीमा जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही पॉलिसीधारकों का डेटा अब डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट, 2023 के अनुरूप एकत्र और सुरक्षित किया जाएगा।

## राशिफल

**मेष :** इस राशि के लोगों का आज ऑफिस में सम्मान बढ़ेगा। अपने हेल्पिंग नेचर और वसेर्टाइल गुणों के कारण आप सर्वत्र प्रशंसा के पात्र होंगे।

**वृष :** कामों को सही ढंग से करने के कारण उनके बॉस के साथ-साथ उच्च अधिकारी भी खुश होंगे। व्यापारी अपने उत्पाद की क्वालिटी को मेंटेन करते चलें।

**मिथुन :** इस राशि के लोगों के पूर्व के अनुभव उनके करियर ग्रोथ में मदद करेंगे, जिसके चलते वह सफलता की नए बुलंदियों को हासिल कर सकेंगे।

**कर्क :** कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए इसकी पूर्व प्लानिंग करके काम करेंगे तो काम के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**सिंह :** इस राशि के जातकों को करियर के क्षेत्र में नई शुरूआत करने वालों के लिए दिन अच्छा रहेगा। मेहनत से मनोवांछित परिणाम मिलेंगे।

**कन्या :** ऑफिस में अप्रिय घटना से निराश हो सकता है, सजग रहें। व्यापारिक तरक्की और विस्तार के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति को व्यापार में शामिल करें।

**तुला :** ऑफिस की पॉलिटिक्स और षड्यंत्र से खुद को बचाकर रखें। इसके साथ ही नौकरी में उन्नति के लिए धैर्य रखें और सही समय आने का इंतजार करें।

**वृश्चिक :** ऑफिस के काम पूरे करने या किसी महत्त्वपूर्ण निर्णय को लेने में उच्चाधिकारियों को महत्वपूर्ण राय मिल सकती है।

**धनु :** प्रबंधन क्षमता को बनाए रखने के लिए क्रोध न करें। इस समय अपना पूरा फोकस ऑफिशियल काम को पूरा करने में लगाना होगा।

**मकर :** कार्यशैली में बदलाव की संभावना है। बदलाव अनचाहे होने पर मन कुछ उदास हो सकता है। व्यापारिक सौदा करने से पहले अच्छे से उसकी जांच पड़ताल कर लें।

**कुंभ :** छोटी-छोटी बातों को तूल न दें और ऑफिस में बेवजह की बातों से दूर ही रहें। अपने काम में फोकस रखें तो अच्छा होगा।

**मीन :** किसी काम के निष्पादन में दिमाग तेजी से कार्य करेगा। समय फेवर में है, शेयर मार्केट या अन्य किसी माल की खरीददारी में धन निवेश कर सकते हैं।

## चुटकुले

पप्पू एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया।
महिला वेटर - सर क्या लेंगे?
पप्पू - आपका नंबर
फिर क्या, खाना भी नहीं मिला और ऊपर से पप्पू की हो गई जोरदार कुटाई।

एक अमेरिकी डॉक्टर भारत आया। बस स्टैंड पर किताब देखते ही उसे दिल का दौरा पड़ गया।
20 रुपये की इस किताब का नाम था...
30 दिन में डॉक्टर कैसे बनें।

डाकू - हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
बंटू - कोई बात नहीं, आपलोग शरीफ आदमी लगते हो,
आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# पांच टी-20 मैच की सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान, अक्षर पटेल बने उपकप्तान



**मुंबई।** न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले साल की शुरूआत में होने जा रही है पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया। शुभमन गिल इस टीम का हिस्सा नहीं हैं। अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले साल की शुरूआत में होने जा रही है पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया। टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिए यह सीरीज काफी अहम है, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया इस सीरीज में खेलती नजर आएगी। वहीं, अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है।

## गिल की जगह अक्षर बने उपकप्तान

अजीत अगरकर की अगुआई वाली सीनियर राष्ट्रीय पुरुष चयन समिति ने पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में चयन समिति की बैठक में टीम का चयन किया गया। इस टीम में शुभमन गिल का नाम शामिल नहीं है। गिल अभी तक टीम के उपकप्तान थे, लेकिन अब ये जिम्मेदारी एक बार फिर अक्षर पटेल को सौंपी गई है। गिल टी20 में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे थे।

## ईशान किशन और रिंकू सिंह की वापसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और रिंकू सिंह की टीम में वापसी हुई है। ईशान भारत के लिए आखिरी बार 28 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले थे। यह उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भी था। ईशान इसके बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए चुने गए थे, लेकिन वहां उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। दौरे के बीच में ईशान वापस आ गए थे। घरेलू क्रिकेट की जगह आईपीएल को तरजीह देने के विवाद के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन अब दो साल बाद उनकी टीम में वापसी हुई है। दूसरी ओर, रिंकू एशिया कप का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए मौका नहीं मिला था।

## संजू होंगे विकेटकीपर

टीम का एलान करते वक्त अजीत अगरकर ने बताया कि संजू सैमसन विकेटकीपर होंगे। गिल के बाहर होने से अब ये तय हो गया है कि अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने उतरेंगे। सैमसन और अभिषेक की सलामी जोड़ी काफी सफल रही है और ऐसा ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें टी20 में भी देखने मिला था।

## टी-20 सीरीज का कार्यक्रम



**टी20 विश्व कप 2026 की शुरूआत सात फरवरी से होगी। इससे पहले भारत पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा, जिसकी शुरूआत 21 जनवरी से होगी। पहला मुकाबला नागपुर में खेला जाएगा। दूसरा मैच 23 जनवरी को रायपुर, तीसरा मैच 25 जनवरी को गुवाहाटी, चौथा मैच 28 जनवरी को विशाखापत्तनम और पांचवां मैच 31 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा।**

# सात्विक-चिराग की जोड़ी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के नॉकआउट में

## चिया और सोह को हराया



**हांगझू।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। सात्विक-चिराग ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है।

भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने अपने अजेय अभियान को जारी रखते हुए ग्रुप बी के अपने अंतिम मैच में मलयेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक की जोड़ी को हराकर सत्र के आखिरी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पहला गेम हारने के बाद संयम और रणनीतिक सूझबूझ दिखाते हुए पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेताओं को 70 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 17-21, 21-18, 21-15 से हरा दिया।

इस तरह वे सत्र के आखिरी टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी हैं। ग्रुप बी में सात्विक और चिराग की एकमात्र अजेय जोड़ी को सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए सिर्फ एक जीत की जरूरत थी। वे मलयेशियाई खिलाड़ियों के खिलाफ जीत के रिकॉर्ड में 5-11 से पीछे थे। लेकिन उन्होंने अपनी रणनीति में बदलाव करके अपने विरोधियों को दबाव में लाकर हरा दिया।

साल के आखिर में होने वाले बीडब्ल्यूएफ फाइनल्स में भारत की मौजूदगी कम ही रही है। पीवी सिंधू एकमात्र भारतीय हैं जिन्होंने यह खिताब जीता है। उन्होंने 2018 में महिला एकल का खिताब जीता था, जबकि साइना नेहवाल 2011 में फाइनल में पहुंची थीं। युगल में ज्वाला गुट्टा और वी दीजू 2009 सुपर सीरीज फाइनल के मिश्रित युगल फाइनल में पहुंचे थे।

# टी-20 विश्व कप स्क्वॉड से क्यों बाहर हुए शुभमन गिल

## चयन समिति के अध्यक्ष अगरकर ने बताया कारण



**मुंबई।** शुभमन गिल टी20 विश्व कप 2026 के लिए चुने गए भारतीय स्क्वॉड में शामिल नहीं हैं। चयन समिति ने उन्हें टीम का हिस्सा नहीं बनाया है।

अजीत अगरकर की अगुआई वाली सीनियर राष्ट्रीय पुरुष चयन समिति ने शनिवार को टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में चयन समिति की बैठक में टीम का चयन किया गया। इस टीम में शुभमन गिल का नाम शामिल नहीं है। गिल अभी तक टीम के उपकप्तान थे, लेकिन अब ये जिम्मेदारी एक बार फिर अक्षर पटेल को सौंपी गई है। गिल टी20 में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे थे।

टी20 विश्व कप 2026 के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम में शुभमन गिल का नाम न होना सबसे बड़ा चर्चा का विषय बन गया है। हाल के वर्षों में भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ रहे गिल, उपकप्तान की भूमिका निभा चुके हैं और टीम की भविष्य की योजनाओं का अहम हिस्सा माने जाते हैं। ऐसे में उनके बाहर होने से फॉर्म, टीम संतुलन और दीर्घकालिक रणनीति को लेकर बहस तेज हो गई।



हालांकि, चयन के तुरंत बाद टीम प्रबंधन और चयनकताओं ने इस फैसले को लेकर स्थिति साफ कर दी। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि गिल का बाहर होना उनकी क्षमता पर सवाल नहीं है, बल्कि यह पूरी तरह टीम संयोजन से जुड़ा रणनीतिक फैसला है। अगरकर ने कहा, 'शुभमन की गुणवत्ता को लेकर कोई संदेह नहीं है। हाल के मैचों में भले ही उनके रन कम रहे हों, लेकिन इससे हमारी राय नहीं बदलती। पिछली विश्व कप टीम में भी वह दुर्भाग्यवश जगह नहीं बना पाए थे, जब हमने अलग संयोजन चुना था। इस बार भी फैसला व्यक्तिगत नहीं, बल्कि टीम बैलेंस को ध्यान में रखकर लिया गया है। खासकर टॉप ऑर्डर में दो विकेटकीपर रखने की सोच के चलते।'

चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टी20 विश्व कप टीम का एलान करते हुए बताया कि गिल को कॉम्बिनेशन के चलते उन्हें ड्रॉप किया गया है। दरअसल, टीम प्रबंधन टॉप ऑर्डर में विकेटकीपर को खिलाना चाहता है, जिसके चलते शुभमन गिल को ड्रॉप कर संजू सैमसन को मौका दिया गया है।

वहीं, ईशान किशन को भी बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज उनके बैकअप के तौर पर शामिल किया गया है। जितेश भी ड्रॉप कर दिए गए हैं। गिल को इस साल अपने प्रदर्शन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा है। उन्होंने 15 मैचों में सिर्फ 291 रन बनाए हैं, जिसमें वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा सके।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में चोटिल हो गए थे गिल**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों से पहले गिल चोटिल हो गए थे। लखनऊ में नेट सत्र के दौरान गिल के पैर की अंगुली में चोट लग गई थी जिसके बाद सैमसन ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर वापसी करते हुए सीरीज के पांचवें और अंतिम महत्वपूर्ण मैच में 22 गेंद में 37 रन बनाए। इसका इनाम उन्हें चयन समिति ने अब दिया है। वह बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज टी20 विश्व कप स्क्वॉड में शामिल किए गए हैं।

### सैमसन ने मारी बाजी

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं। गिल चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवां टी20 मैच नहीं खेल सके थे और उनकी जगह संजू सैमसन को प्लेइंग-11 में जगह मिली थी। सैमसन ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी की शुरूआत की और एक बार फिर टीम में अपनी उपयोगिता साबित की। इसका नतीजा ये रहा कि अब उन्हें टी20 विश्व कप और न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए चुने गए स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है।

### 'खराब फॉर्म के कारण नहीं बाहर हुए गिल'

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भी इसी बात को दोहराया और कहा कि यह फैसला पूरी तरह टीम की लचीलापन रणनीति पर आधारित है, न कि गिल के फॉर्म पर। सूर्यकुमार ने कहा, 'यह उनके फॉर्म को लेकर नहीं है, बल्कि सिर्फ संयोजन को लेकर है। हम शीर्ष क्रम में एक विकेटकीपर चाहते थे। शुबमन की क्वालिटी पर कोई सवाल नहीं है, वह शानदार खिलाड़ी हैं। हमें रिंकू सिंह और वॉशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ियों की भी जरूरत थी, ताकि अलग-अलग संयोजन संभव हो सकें। इसी वजह से यह टीम चुनी गई है।'

# टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित, गिल-जितेश बाहर

**मुंबई।** गत चैंपियन भारत सूर्यकुमार यादव की अगुआई में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करने उतरेगा। अजीत अगरकर की अगुआई वाली सीनियर राष्ट्रीय पुरुष चयन समिति ने इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में चयन समिति की बैठक में टीम का चयन किया गया। न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली टी20 सीरीज में भी यही टीम खेलेगी।

**खिताब बचाने उतरेगा भारत**

भारत ने 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत इस टूनार्मेंट में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा। यह इस टूनार्मेंट का 10वां संस्करण होगा। अब तक कोई भी टीम इस टूनार्मेंट में अपने खिताब का बचाव नहीं कर सकी है, ऐसे में टीम इंडिया के पास घरेलू जमीन पर यह तिलिस्म तोड़ने का सुनहरा अवसर होगा।

**अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए शनिवार को भारतीय टीम घोषित कर दी गई है। भारत इस वैश्विक टूनार्मेंट में सूर्यकुमार यादव की अगुआई में खेलने उतरेगा। टी20 विश्व कप शुरू होने में अब 50 दिन से भी कम का समय शेष रह गया है और भारत इसमें खिताब का बचाव करने उतरेगा।**



### अक्षर होंगे उपकप्तान

शुभमन गिल की जगह अक्षर पटेल को टी20 टीम का उपकप्तान बनाया गया है। अक्षर इससे पहले भी टी20 में उपकप्तान की भूमिका निभा चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि ईशान किशन की टीम में वापसी हो गई है। ईशान किशन ने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में 101 रन की पारी खेली थी। पूरे टूनार्मेंट के दौरान उनका बल्ला जमकर चला था। हालांकि, ईशान के शामिल होने से जितेश शर्मा टीम में जगह नहीं बना पाए हैं और उन्हें बाहर होना पड़ा है।

**गिल का नाम शामिल नहीं, ईशान की वापसी**

भारत ने टी20 विश्व कप के लिए जो टीम चुनी है उसमें शुभमन गिल का नाम शामिल नहीं है। गिल अभी तक टीम के उपकप्तान थे, लेकिन अब ये जिम्मेदारी एक बार फिर अक्षर पटेल को सौंपी गई है। गिल टी20 में अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे थे। वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और रिंकू सिंह की टीम में वापसी हुई है। ईशान भारत के लिए आखिरी बार 28 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले थे। यह उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच भी था। ईशान इसके बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए चुने गए थे, लेकिन वहां उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। दौरे के बीच में ईशान वापस आ गए थे। घरेलू क्रिकेट की जगह आईपीएल को तरजीह देने के विवाद के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था, लेकिन अब दो साल बाद उनकी टीम में वापसी हुई है। दूसरी ओर, रिंकू एशिया कप का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए मौका नहीं मिला था।

**ईशान और रिंकू की वापसी**

**संजू होंगे विकेटकीपर**

टीम का एलान करते वक्त अजीत अगरकर ने बताया कि संजू सैमसन विकेटकीपर होंगे। गिल के बाहर होने से अब ये तय हो गया है कि अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज करने उतरेंगे। सैमसन और अभिषेक की सलामी जोड़ी काफी सफल रही है और ऐसा ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांचवें टी20 में भी देखने मिला था।

# तीन आईपीएल टीमों से कोई खिलाड़ी नहीं

## एमआई से सबसे ज्यादा; केकेआर के भी तीन खिलाड़ी

**मुंबई।** टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम का एलान हो चुका है और इस स्क्वॉड में कुल सात आईपीएल फ्रेंचाइजियों के खिलाड़ियों को जगह मिली है। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स की टीमों से एक भी खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया खिताब बचाने उतरेगी।

टी-20 विश्व कप 2026 की भारतीय टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वाशिंगटन सुंदर, ईशान किशन (विकेटकीपर)

टीम इंडिया में सबसे ज्यादा खिलाड़ियों का योगदान मुंबई इंडियंस का रहा है। इनमें कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलावा जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा शामिल हैं। अनुभव और मैच विनर खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण मुंबई इंडियंस की हिस्सेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

केकेआर से तीन खिलाड़ियों को टी-20 विश्व कप स्क्वॉड में चुना गया है। इसमें फिनिशर रिंकू सिंह, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज हर्षित राणा शामिल हैं। रिंकू सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है।

**सनराइजर्स हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद से दो खिलाड़ियों को मौका मिला है। विस्फोटक ओपनर अभिषेक शर्मा और विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन भारतीय टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

**टी20 विश्व कप 2026 के लिए चुने गए भारतीय स्क्वॉड में आईपीएल 2025 की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। वहीं, मुंबई इंडियंस के सबसे ज्यादा खिलाड़ियों को मौका मिला है।**

# कप्तान नया और कोच भी बदला 2024 से बहुत अलग है 2026 विश्वकप की भारतीय टीम? खिताब बचाने की चुनौती

**नई दिल्ली।** गत चैंपियन भारत ने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत ने कमर कस ली है। इस वैश्विक टूनार्मेंट को शुरू होने में अभी 49 दिन का समय शेष है, लेकिन भारत ने पहले ही टीम घोषित कर दी है। आईसीसी के नियम के अनुसार, सभी टीमों को सात जनवरी तक टीम घोषित करनी है। हालांकि, टीमें टूनार्मेंट शुरू होने से पहले तक इसमें बदलाव कर सकती हैं।

**अब तक किसी टीम ने घरेलू मैदान पर नहीं जीता टी20 विश्व कप**

भारत ने 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। अब टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले इस टूनार्मेंट में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में उतरेगी जिसके उपकप्तान अक्षर पटेल हैं। सूर्यकुमार और अक्षर की जोड़ी के सामने खिताब बरकरार रखने की चुनौती होगी। ये दोनों खिलाड़ी 2024 विश्व विजेता टीम का भी हिस्सा थे और इन्होंने भारत को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।



टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा। दिलचस्प बात यह है कि अब तक किसी भी टीम ने ना तो खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया है और ना ही अपनी मेजबानी में विश्व विजेता का खिताब जीता है। भारत के पास अब अपनी जमीन पर टी20 विश्व कप का खिताब बरकरार रखने का सुनहरा अवसर होगा।

**ईशान-रिंकू की वापसी, गिल और जितेश बाहर**

भारत ने टी20 विश्व कप के लिए जो टीम घोषित की है उसमें दो बड़े बदलाव देखने मिले। अभी तक टी20 में उपकप्तानी की जिम्मेदारी निभा रहे शुभमन गिल टीम में जगह बरकरार नहीं रख सके, जबकि विकेटकीपर के तौर पर पहली पसंद माने जाने वाले जितेश शर्मा भी टीम में शामिल नहीं हैं। ईशान किशन की दो साल बाद टीम में वापसी हुई है, जबकि एशिया कप में शामिल रहे रिंकू सिंह भी टी20 विश्व कप का हिस्सा होंगे। रिंकू पिछली बार टीम में जगह नहीं बना पाए थे। रिंकू ट्रेवलिंग रिजर्व में शामिल थे, लेकिन इस बार वह 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं।

**टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान हो गया है। भारत इस टूनार्मेंट में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगा। इस टीम में कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं जो 2024 टी20 विश्व कप टीम का भी हिस्सा थे।**

**नहीं दिखेंगे रोहित-कोहली जैसे दिग्गज**

भारतीय टी20 टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज शामिल नहीं है क्योंकि दोनों ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। पिछले कुछ वर्षों में रोहित और विराट लगातार टी20 विश्व कप का हिस्सा रहे थे, लेकिन अब ये दोनों दिग्गज इस वैश्विक टनार्मेंट में नजर नहीं आएंगे। ऐसे ही ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप को अलविदा कह दिया था और वह भी विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं हैं।

**पिछली टीम से आठ खिलाड़ियों ने बरकरार रखी जगह**

भारत ने जो टी20 विश्व कप टीम घोषित की है उसमें आठ खिलाड़ी ऐसे हैं जो 2024 वाली टी20 टीम में भी शामिल थे। वहीं, सात खिलाड़ी ऐसे हैं जो अब मौजूदा टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसमें रोहित, विराट और जडेजा भी शामिल हैं जो टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले चुके हैं। वहीं टीम में जगह बरकरार रखने वाले खिलाड़ियों में सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, संजू सैमसन, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह शामिल हैं।

# पाकिस्तान हॉकी टीम के मैनेजर ने कराई किरकिरी

**विमान के अंदर धूम्रपान करते हुए पकड़े गए**

**पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किरकिरी होना आम बात हो गई है। राष्ट्रीय हॉकी टीम के मैनेजर की करतूत के कारण एक बार फिर उसे विदेश में शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है।**




**कराची।** पूर्व ओलंपियन और मैनेजर के तौर पर एफआईएच प्रो लीग में पाकिस्तान की सीनियर टीम के साथ अर्जेंटीना गए अंजुम सईद उस समय मुश्किल में फंस गए जब ब्राजील में रियो डि जनेरियो हवाई अड्डे पर विमान में ईंधन भरते समय धूम्रपान करने के कारण उन्हें विमान से उतार दिया गया। अंजुम को एक पाकिस्तानी खिलाड़ी के साथ दुबई जाने वाले विमान में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि ब्राजील में ईंधन भरने के लिए विमान के रुकने के दौरान उन्हें धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया था।

अंजुम अपने जमाने के मशहूर डिफेंडर और मिडफील्डर रहे हैं और वह 1992 के ओलंपिक सेमीफाइनल में खेले थे। उन्हें टीम के मैनेजर के रूप में अर्जेंटीना भेजा गया था। इस सप्ताह स्वदेश लौटने के बाद अब वह दावा कर रहे हैं कि वह दुबई में कुछ व्यक्तिगत काम के कारण टीम के साथ वापस नहीं आए।

लेकिन पाकिस्तान खेल बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने पाकिस्तान हॉकी महासंघ से इस घटना की स्वतंत्र जांच कराने का अनुरोध किया है क्योंकि इससे पाकिस्तान की छवि खराब होती है।

उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि अंजुम और एक अन्य खिलाड़ी ने इस मामले को तब तूल दे दिया जब विमान में ईंधन भरते समय मैनेजर को धूम्रपान करने के लिए टोका गया।




# भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह के जन्मदिन पर हुआ हवन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन












गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए हवन और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। भाजपा के युवा नेता नितिन मावी ने भाजपा जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह के जन्मदिन पर आयोजित समारोह में उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बैंकट हॉल में आयोजित जन्मदिन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान लोनी की राजनीति के चेहरे, समाजसेवा और लोनी के गणमान्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# दैनिक करंट क्राइम के 11वें वर्ष में प्रवेश पर ढेरों शुभकामनाएं : हिमांशु लव

## हिमांशु लव ने की निर्भीक पत्रकारिता की सराहना की



गाजियाबाद, करंट क्राइम। जनपद के प्रतिष्ठित और लोकप्रिय समाचार पत्र 'दैनिक करंट क्राइम' के सफल प्रकाशन के 11वें वर्ष में प्रवेश परक्षेत्र की प्रबुद्ध हस्तियों ने हर्ष व्यक्त किया है। इसी क्रम में पूर्व पार्षद पं. हिमांशु लव ने समाचार पत्र के संपादक मनोज गुप्ता एवं दीपक भाटी को हार्दिक बधाई देते हुए संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। बधाई संदेश में पं० हिमांशु लव ने कहा कि 'दैनिक करंट क्राइम' ने पिछले 11 वर्षों में जनपद गाजियाबाद और संपूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा, यह समाचार पत्र न केवल निर्भीक है, बल्कि जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने वाला एक नियमित और विश्वसनीय मंच बन चुका है। उन्होंने समाचार पत्र की सफलता का श्रेय इसके अनूठे कंटेंट को देते हुए दीपक भाटी द्वारा लिखित विशेष स्तंभों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 'उठते सवाल', 'चिन्टू जी', सोशल मीडिया पर चर्चित 'पोस्ट ऑफ द डे' और 'मसालेदार खबरें' जैसे स्तंभों ने पाठकों के बीच समाचार पत्र को एक विशेष स्थान दिलाया है, जिसे लोग बेहद चाव से पढ़ते हैं। स्थापना दिवस के इस अवसर पर पं० हिमांशु लव ने एक भावुक पक्ष रखते हुए संस्थान के क्राइम रिपोर्टर गौरव शशि नारायण के परिवार में हुई क्षति पर भी गहरा दु:ख प्रकट किया। उन्होंने गौरव शशि नारायण की पत्नी और पिता जी के आकस्मिक निधन को संस्थान के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। अंत में उन्होंने विश्वास जताया कि 'दैनिक करंट क्राइम' इसी प्रकार पत्रकारिता के उच्च मानकों को स्थापित करते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा और इसके पाठकों का दायरा दिन-प्रतिदिन बढ़ता रहेगा।

# दैनिक 'करंट क्राइम' के 11वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं : सविता शर्मा



गाजियाबाद, करंट क्राइम। सच, साहस और समाजहित की पत्रकारिता को समर्पित दैनिक अखबार 'करंट क्राइम' ने अपने सफल 11 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। यह अवसर केवल एक अखबार के स्थापना दिवस का नहीं, बल्कि निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता की निरंतर यात्रा का उत्सव है। बीते 11 वर्षों में 'करंट क्राइम' ने अपराध, भ्रष्टाचार, सामाजिक मुद्दों और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए आम जनता की आवाज को मजबूती से सत्ता और प्रशासन तक पहुँचाया है। सत्य के साथ खड़े रहना और निर्भीक पत्रकारिता करना आज के समय में एक बड़ी चुनौती है, जिसे 'करंट क्राइम' ने पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाया है। यह अखबार न केवल खबरें प्रकाशित करता है, बल्कि समाज को जागरूक करने, न्याय की लड़ाई को मजबूती देने और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका को सशक्त बनाने का कार्य भी कर रहा है। संपादक मंडल, रिपोर्टर्स, संवाददाताओं और पूरी टीम की मेहनत व प्रतिबद्धता ही इस सफलता का आधार है। 11वें स्थापना दिवस के इस शुभ अवसर पर हम आशा करते हैं कि दैनिक अखबार 'करंट क्राइम' भविष्य में भी सत्य, साहस और निष्पक्षता की मशाल जलाए रखते हुए पत्रकारिता के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। करंट क्राइम परिवार को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

# पुलिस ने साइबर ठगों से पीड़िता की ठगी गई रकम वापस कराई




**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी अंकुर विहार थाना पुलिस ने साइबर ठगों का खुलासा कर पीड़िता को ठगी की गई भारी रकम वापस कराई। पीड़िता ने पुलिस का अभार प्रकट किया।

एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि खन्ना नगर कॉलोनी की रहने वाली एक महिला ने अंकुर विहार थाने में शिकायत पत्र दिया था। महिला ने बताया कि एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शापिंग करने पर साइबर ठगों ने ओटीपी ले लिया था और उसके बैंक एकाउंट से 90 हजार रुपए निकाल लिए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के अनुसार कार्रवाई शुरू कर दी और 20 दिसम्बर को पुलिस ने साइबर ठगों से पीड़िता की ठगी गई रकम 90 हजार रुपए वापस कराए जिस पर पीड़िता ने पुलिस का अभार प्रकट किया।

# चरथावल विधानसभा में विकास की रफ्तार नरेंद्र कश्यप ने किया सीसी सड़कों का लोकार्पण

## विधायक निधि से निर्मित सड़कों के उद्घाटन से सिकंदरपुर, मधुरा और चौकड़ा को मिली बड़ी सौगात

**मुजफ्फरनगर, करंट क्राइम।** चरथावल विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को विकास कार्यों को नई मजबूती मिली, जब विधायक नरेंद्र कश्यप ने विधायक निधि से निर्मित विभिन्न सीसी सड़कों का लोकार्पण किया। 20 दिसंबर 2025 को एक ही दिन में तीन गांवों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सशक्त करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया।

सिकंदरपुर से हुई लोकार्पण श्रृंखला की शुरूआत

लोकार्पण कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 1 बजे ग्राम सिकंदरपुर, थाना चरथावल में हुई, जहां विधायक निधि से बनी सीसी रोड का उद्घाटन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लंबे समय से चली आ रही मांग बताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।



**ग्राम मधुरा में दूसरे चरण का आयोजन**



इसके बाद दोपहर 2 बजे ग्राम मधुरा, थाना चरथावल में दूसरा लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यहां सीसी सड़क के उद्घाटन के साथ ही क्षेत्रीय विकास को लेकर चर्चा हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क बनने से आवागमन सुगम होगा और बरसात के मौसम में होने वाली परेशानी से निजात मिलेगी।

### चौकड़ा गांव में तीसरा कार्यक्रम संपन्न

दोपहर 3 बजे ग्राम चौकड़ा, थाना चरथावल में तीसरे कार्यक्रम के तहत सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा और ग्रामीणों ने विकास कार्यों को क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया।

### जनता के बीच विकास का संदेश

लोकार्पण कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए विधायक नरेंद्र कश्यप ने कहा कि चरथावल विधानसभा के हर गांव में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़कें गांवों के विकास की आधारशिला होती हैं और इनसे शिक्षा, स्वास्थ्य व व्यापार को मजबूती मिलती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आने वाले समय में भी विकास कार्यों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी।

### ग्रामीणों में दिखा संतोष और विश्वास

तीनों गांवों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों में संतोष और विश्वास का भाव देखने को मिला। लोगों का कहना था कि लगातार हो रहे विकास कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है और यह बदलाव जनप्रतिनिधि की सक्रियता और प्रतिबद्धता का परिणाम है।

# श्री रामकथा के अष्टम दिवस शूर्पणखा एवं सीता हरण प्रसंग से गूंजा मर्यादा का संदेश

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** श्री सत्यानारायण मंदिर, ब्रिज विहार में आयोजित श्री रामकथा के अष्टम दिवस कथा स्थल पर गंभीरता, चेतना और आत्ममंथन का वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास पं. श्रीकांत पाण्डेय ने आज के प्रसंग में शूर्पणखा प्रसंग एवं सीता हरण प्रसंग का अत्यंत प्रभावशाली, भावपूर्ण एवं शिक्षाप्रद वर्णन किया।

कथा वाचक ने शूर्पणखा प्रसंग के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि जब काम, क्रोध और अहंकार मयार्दा की सीमाओं को लांघते हैं, तब उसका परिणाम विनाशकारी होता है। वहीं सीता हरण प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि अधर्म चाहे कितना भी छलपूर्ण क्यों न हो, उसका अंत सदैव विनाश में ही होता है। इस प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर शोक, करुणा और धर्म रक्षा का भाव स्पष्ट रूप से झलकता रहा।




उन्होंने ने कहा कि माता सीता का चरित्र नारी शक्ति, धैर्य, पवित्रता और आत्मबल का प्रतीक है तथा आज के समाज को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। कथा के इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु गहरे भाव में डूबे दिखाई दिए। यजमान सविता प्रदीप मित्तल एवं बसंती शिवजी पांडेय रहे। वहीं आज का प्रसाद ए.पी. गुप्ता एवं दीपक बंसल जी की ओर से श्रद्धालुओं को वितरित किया गया।

अष्टम दिवस की कथा में कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इनमें पड़पड़गंज, विधायक रविंदर सिंह नेगी पार्षद विनय चौधरी अजय , संजय लाहा, अंबिका मौर्य, वाई एन सिंह, पिंकी जी, पवन जी, अजय तिवारी, उमेश चंद सक्सेना सुशील सिंह, मुनेश पाल सिंह,शिव राम मौर्य,सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद विनय चौधरी का समिति के लोगों ने पटका पहनकर स्वागत किया।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Ranitaa Singh Raghuvanshi** is with **Amarendra Pratap Singh**.
4h ·

प्रिय बेटे आयुष आपको जन्मदिन की ढ़ेर सारी बधाइयाँ एवं शुभकामनायें प्यार एवं शुभ आशीर्वाद माँ भगवती आपको उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन प्रदान करें। महादेव के आशीर्वाद से आप प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए आकाश की बुलंदियों को प्राप्त करें।

#Mumbai #alibag



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर उपाध्यक्ष रनिता सिंह हमेशा से अपनों की हर खुशी में शामिल होती हैं। वो अपना आशीर्वाद हमेशा अपने छोटों को देतीं हैं। आयुष के जन्मदिन पर रनिता सिंह ने दीर्घ आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। आयुष की प्रगति की कामना महादेव से करते हुए इस पोस्ट को फेसबुक पर साझा किया। रनिता सिंह की यह पोस्ट बनकी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पेंशन के लिए भटकती बुजुर्ग ने 'राम' से लगाई गुहार

**हापुड़।** तीन साल पहले कागजों में 'मृतक' घोषित कर दी गई वृद्धा पेंशन को दोबारा शुरू कराने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही धनौरा निवासी कुसुम त्यागी ने आखिरकार मेरठ सांसद अरुण गोविल से गुहार लगाई। गरीबों को कंबल वितरित करने पहुंचे सांसद के सामने कुसुम ने अपनी व्यथा सुनाई, जिसके बाद सांसद ने तत्काल जिलाधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

कुसुम त्यागी, जो धनौरा की निवासी हैं, पिछले करीब तीन वर्षों से अपनी वृद्धावस्था पेंशन के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रही हैं। आरोप है कि कागजी खानापूरी में उन्हें मृतक दिखा दिया गया, जिसके चलते उनकी पेंशन रोक दी गई।

# राजेंद्र नगर वार्ड 80 में नाले की दीवार का निर्माण शुरू, जलभराव की समस्या होगी दूर : राहुल शर्मा



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर के वार्ड संख्या 80 में लंबे समय से लंबित नाले की दीवार के पुनर्निर्माण का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। इस निर्माण कार्य के पूरा होने से क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान होने की उम्मीद है।

वर्षों पुरानी समस्या का समाधान : क्षेत्रीय पार्षद राहुल शर्मा ने निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए बताया कि इस नाले की दीवार पिछले कई वर्षों से टूटी हुई थी। दीवार जर्जर होने के कारण नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों और गलियों में भर जाता था, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

पार्षद राहुल शर्मा ने कहा कि वार्ड 80 की जनता लंबे समय से जलभराव की समस्या झेल रही थी क्योंकि नाले की दीवार पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी थी। अब इस दीवार का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया गया है। दीवार बनने के बाद पानी का बहाव सुचारू होगा और क्षेत्रवासियों को जलभराव की गंभीर समस्या से निजात मिल जाएगी।

स्थानीय लोगों में खुशी : दीवार का काम शुरू होने से वार्ड के लोगों ने संतोष व्यक्त किया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारिश के मौसम में स्थिति और भी खराब हो जाती थी, लेकिन अब नाले की मरम्मत होने से उन्हें गंदगी और जमा पानी से छुटकारा मिलेगा।





# जाफर एक्सप्रेस समेत बलूचिस्तान में दो ट्रेनों को बनाया निशाना, धमाके के कारण रेल यातायात बाधित



**कराची।** पाकिस्तान में एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाकर धमाका किया गया है। बलूचिस्तान प्रांत में हुए इस धमाके में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि धमाके से रेलवे ट्रैक का लगभग तीन फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं दाश्त क्षेत्र में हुए एक अन्य धमाके में भी पटरियों को नुकसान पहुंचा।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध विद्रोहियों ने रेल पटरियों को निशाना बनाकर बम धमाके किए, जिससे जाफर एक्सप्रेस समेत दो यात्री ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। इन धमाकों में रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा और ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से बाधित करनी पड़ीं। क्वेटा के सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) शाहिद नवाज ने बताया कि शुक्रवार को मुश्काफ इलाके में हुए एक बम धमाके से रेलवे ट्रैक का लगभग तीन फीट हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, दाश्त क्षेत्र में हुए एक अन्य धमाके में भी पटरियों को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इन दोनों घटनाओं में जाफर एक्सप्रेस और बोलन मेल यात्री ट्रेनों को निशाना बनाया गया था।

### क्वेटा से जाने वाली ट्रेन सेवाएं हुईं प्रभावित

धमाकों के बाद मुख्य रेल लाइन पर ट्रैक क्षतिग्रस्त होने से क्वेटा से पाकिस्तान के अन्य प्रांतों की ओर जाने वाली ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। एसएसपी नवाज ने कहा कि शनिवार से क्वेटा से चलने वाली सभी यात्री ट्रेनों के समय-सारिणी को सुरक्षा मंजूरी मिलने के बाद ही अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा, 'यात्रियों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। क्वेटा से बाहर जाने वाली सभी ट्रेनों के लिए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।' सुरक्षा चिंताओं के बीच शनिवार को जाफर एक्सप्रेस की एक विशेष सेवा को पेशावर के लिए रवाना होने की अनुमति दी गई।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह विशेष सेवा चलाई गई, जबकि सामान्य ट्रेन सेवाएं सुरक्षा मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

### पहले भी कई जाफर एक्सप्रेस को बनाया गया निशाना

यह पहली बार नहीं है जब जाफर एक्सप्रेस को निशाना बनाया गया हो। इस ट्रेन पर पहले भी कई बार हमले हो चुके हैं और इसी साल इसकी सेवाएं कई बार प्रभावित हुई हैं। बीते दो महीनों में विद्रोहियों ने जाफर एक्सप्रेस और बोलन मेल पर कम से कम तीन बार हमले किए हैं, जिनमें रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचा, हालांकि इन घटनाओं में कोई जान नहीं गई।

# पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की मुश्किलें बढ़ीं

## तोशाखाना मामले में पीटीआई संस्थापक और बुशरा बीबी को 17-17 साल की जेल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। अब उन्हें तोशाखाना के दूसरे मामले में भी दोषी करार दिया गया है और विशेष अदालत ने इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को 17-17 साल जेल की सजा सुनाई है।

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई संस्थापक इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। शनिवार को उन्हें एक और मामले में दोषी ठहराते हुए 17 साल जेल की सजा सुनाई गई है। पाकिस्तान की संघीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना के दूसरे मामले में दोषी ठहराते हुए 17-17 साल जेल की सजा सुनाई।

### इमरान खान और बुशरा बीबी पर थे ये आरोप

तोशाखाना का यह मामला एक महंगी ज्वैलरी से जुड़ा है, जिसे सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान ने मई 2021 में आधिकारिक दौरे पर इमरान खान को बतौर तोहफे में दी थी। आरोप था कि इमरान खान ने उस ज्वैलरी को बेहद कम कीमत पर खरीद लिया था। सुनवाई के दौरान कहा गया कि करीब 8 करोड़ पाकिस्तानी रुपये की ज्वैलरी को इमरान खान ने सरकारी खजाने से सिर्फ 29 लाख पाकिस्तानी रुपये देकर खरीद लिया था।

विशेष अदालत के जज शाहरुख अरजुमंद ने यह फैसला सुनाया। इस मामले की सुनवाई रावलपिंडी की अडियाला जेल में हुई, जहां इमरान खान कैद हैं।

फैसले के अनुसार, इमरान खान को पाकिस्तान पीनल कोड की धारा 34 (गलत मंशा), 409 (विश्वास के आपराधिक उल्लंघन) के तहत 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं सरकारी व्यक्ति द्वारा आपराधिक आचरण करने के आरोप में सात साल की सजा सुनाई गई है। बुशरा बीबी को भी इन्हीं धाराओं में 17 साल की सजा सुनाई गई है। अदालत ने दोनों पर 1.6 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। अगर दोनों जुमार्ना नहीं देते हैं तो दोनों को अतिरिक्त समय जेल में बिताना होगा। फैसले के बाद इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की कानूनी टीम ने फैसले को उच्च अदालत में चुनौती देने की बात कही है।

### क्या है तोशाखाना मामला

पाकिस्तान के कानून के अनुसार किसी विदेशी राज्य के गणमान्य व्यक्तियों से प्राप्त कोई भी उपहार स्टेट डिपॉजिटरी यानी तोशाखाना में रखना होता है। अगर राज्य का मुखिया उपहार को अपने पास रखना चाहता है तो उसके लिए उसे इसके मूल्य के बराबर राशि का भुगतान करना होगा। यह एक नीलामी की प्रक्रिया के जरिए तय किया जाता है। ये उपहार या तो तोशाखाना में जमा रहते हैं या नीलाम किए जा सकते हैं और इसके माध्यम से अर्जित धन को राष्ट्रीय खजाने में जमा किया जाता है।

2018 में सत्ता में आए इमरान खान को आधिकारिक यात्राओं के दौरान करीब 14 करोड़ रुपये के 58 उपहार मिले थे। इन महंगे उपहारों को तोशाखाना में जमा किया गया था। बाद में इमरान खान ने इन्हें तोशखाने से सस्ते दाम पर खरीद लिया और फिर महंगे दाम पर बाजार में बेच दिया। इस पूरी प्रक्रिया के लिए उन्होंने सरकारी कानून में बदलाव भी किए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान ने 2.15 करोड़ रुपये में इन गिफ्ट्स को तोशखाने से खरीदा था और इन्हें बेचकर 5.8 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा लिया। इन गिफ्टस में एक ग्राफ घड़ी, कफलिंक का एक जोड़ा, एक महंगा पेन, एक अंगूठी और चार रोलेक्स घड़ियां भी थीं।

# एप्सटीन फाइलों में 5000 साल पुरानी भारतीय आयुर्वेद पद्धति का नाम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में हाल ही में जारी एपस्टीन फाइल्स में भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद और कुछ 'मालिश तकनीकों' का जिक्र सामने आया है। ये दस्तावेज अमेरिका के न्याय विभाग ने सार्वजनिक किए हैं। हालांकि, ट्रंप और बिल क्लिंटन, दोनों पर ही जेफरी एप्सटीन से जुड़े किसी भी मामले में कभी कोई आपराधिक आरोप नहीं लगाया गया है।

अमेरिका में हाल ही में सार्वजनिक की गई एप्सटीन फाइलों में 'मसाज तकनीकों' और भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का उल्लेख सामने आया है। ये फाइलें अमेरिका के न्याय विभाग ने शुक्रवार को जारी कीं। यह कदम तब उठाया गया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें 30 दिनों के भीतर इन दस्तावेजों को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया था।

यह मामला राजनीतिक रूप से काफी संवेदनशील माना जा रहा है। डेमोक्रेटिक पार्टी लंबे समय से अरबपति फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी जेफरी एप्सटीन से जुड़ी फाइलों को सार्वजनिक करने की मांग कर रही थी। एप्सटीन के दुनिया के कई प्रभावशाली लोगों से संबंध बताए जाते रहे हैं।

## मसाज, आयुर्वेद का भी जिक्र



### आयुर्वेद और मालिश का जिक्र

जारी फाइल्स में एक दस्तावेज में लिखा है कि पश्चिमी देशों में कई लोग भारत की 5000 साल पुरानी प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली, आयुर्वेद, पर आधारित मालिश और अन्य उपचार अपना रहे हैं। एक लेख 'द आर्ट ऑफ गिविंग मसाज' में तिल के तेल का उपयोग 'डिटॉक्सिफिकेशन' यानी शरीर की सफाई के लिए करने का उल्लेख भी है।

### राजनीतिक संवेदनशीलता

यह मामला अमेरिका में राजनीतिक रूप से काफी संवेदनशील है। डेमोक्रेट पार्टी लंबे समय से इन फाइल्स को सार्वजनिक करने की मांग कर रही थी। डोनाल्ड ट्रंप और एपस्टीन के बीच पहले दोस्ती थी, हालांकि बाद में दोनों के रिश्ते बिगड़ गए। इस वजह से यह मुद्दा लगातार चर्चा में रहा।

### किन-किन का जिक्र?

फाइल्स में ट्रंप की कुछ ही तस्वीरें शामिल हैं। वहीं, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की कई तस्वीरें हैं, और एक तस्वीर एपस्टीन के साथ दिवंगत पॉप स्टार माइकल जैक्सन की भी है। हालांकि, ट्रंप या क्लिंटन, किसी पर भी एपस्टीन से जुड़े मामलों में गलत काम का आरोप कभी नहीं लगा है।

### एपस्टीन की मौत

जेफरी एपस्टीन ने 2019 में न्यूयॉर्क की मैनहैटन जेल में आत्महत्या कर ली थी। उस पर दर्जनों नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोप थे और वह मुकदमे का सामना कर रहा था।

# डर्बी कबड्डी टूर्नामेंट हिंसा में दो साल बाद दोषी पाए गए भारतीय मूल के तीन लोग



**डर्बी।** ब्रिटेन के डर्बी के अल्वास्टन में 2023 के कबड्डी टूनार्मेंट में हिंसा और हथियार चलाने के मामले में भारतीय मूल के तीन आरोपी दोषी पाए गए। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को जेल की सजा सुनाई है।


दो साल पहले ब्रिटेन के डर्बी के अल्वास्टन में हुए कबड्डी टूनार्मेंट के दौरान हिंसा और हथियार चलाने के मामले में तीन भारतीय मूल के पुरुषों को जेल की सजा दी गई है। मामले में 35 वर्षीय दमनजीत सिंह, 35 वर्षीय बूटा सिंह और 42 वर्षीय राजविंदर ताखर सिंह 2023 में हुए इस झगड़े में शामिल पाए गए। इस हिंसा में कई लोग घायल भी हुए थे। सभी आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन पिछले महीने डर्बी क्राउन कोर्ट में चलाए गए मुकदमे में उन्हें दोषी पाया गया।

ऐसे में कोर्ट ने बूटा सिंह को हिंसक झगड़े और हथियार रखने के दोष में 4 साल की जेल की सजा सुनाई है। दमनजीत सिंह को हिंसक झगड़े और ब्लेड रखने के दोष में 3 साल 4 महीने की जेल दी गई। वहीं राजविंदर ताखर सिंह को हिंसक झगड़े और हथियार रखने के लिए 3 साल 10 महीने की जेल हुई। इससे पहले, सात अन्य भारतीय मूल के पुरुषों को भी इस हिंसा में शामिल होने के लिए जेल हुई थी।

**क्या है पूरा घटनाक्रम, यहां समझिए**

बता दें कि यह घटना तब की है जब पुलिस को 20 अगस्त 2023 को शाम लगभग 4 बजे खबर मिली कि एल्वास्टन लेन के पास कोई गोली चल रही है और लोग हथियार लेकर लड़ रहे हैं। वीडियो में देखा गया कि बूटा सिंह विरोधी समूह के पीछे दौड़ते हुए जा रहे थे। उनके पास घटना के समय कोई हथियार नहीं था, लेकिन दो दिन बाद जब पुलिस ने उनकी गाड़ी रोकी, तो कार के बूट में दो माचिस जैसी बड़ी चाकू मिली। दमनजीत सिंह और राजविंदर ताखर सिंह के पास भी झगड़े के समय बड़े चाकू थे। वहीं मामले में डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर मैट क्रूम ने कहा कि जो दिन खेल देखने का होना था, वह दिन हिंसा और चोट का दिन बन गया। उन्होंने कहा कि इस घटना और जांच का स्थानीय लोगों और मैच देखने आए दर्शकों पर बड़ा असर पड़ा। पुलिस ने बताया कि यह झगड़ा पहले से योजना बनाकर किया गया था, और समूह ब्रंसविक स्ट्रीट, डर्बी में पहले से इकट्ठा हुआ था।

# 23 साल के पत्रकार ने राष्ट्रपति के सामने चुना हमसफर, प्रेमी जोड़े को देख पुतिन भी हंस पड़े



**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सालाना प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक अनोखा और भावुक पल देखने को मिला, जब युवा पत्रकार ने लाइव प्रसारण में अपनी गर्लफ्रेंड को शादी का प्रस्ताव दे दिया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम ने गंभीर राजनीतिक माहौल को कुछ देर के लिए रोमांटिक बना दिया।

युद्ध की आशंकाओं और रूस की अर्थव्यवस्था पर सवालों के बीच व्लादिमीर पुतिन की सालाना, घंटों चलने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ऐसा पल आया जिसने सख्त राजनीतिक माहौल को अचानक रोमांटिक बना दिया। बीच सत्र में एक युवा क्षेत्रीय पत्रकार ने लाइव प्रसारण के दौरान शादी का प्रस्ताव रख दिया और पूरा हॉल तालियों और हंसी से गूंज उठा।

ऐसे रखा गया शादी का प्रस्ताव

लाल बो-टाई पहने 23 वर्षीय पत्रकार किरिल बाझानोव ने 'मैं शादी करना चाहता हूं' लिखा पोस्टर उठाकर पुतिन का ध्यान खींचा और स्क्रिप्ट से हटते हुए कहा, मुझे पता है मेरी गर्लफ्रेंड यह प्रेस कॉन्फ्रेंस देख रही है। ओल्गा, क्या तुम मुझसे शादी करोगी? यह सुनते ही दर्शकों के बीच ठहाके और तालियां गूंज उठीं, जबकि लाइव प्रसारण देश-विदेश में जारी रहा।

प्रस्ताव के बाद बाझानोव अपने मूल सवाल पर लौटे। उन्होंने महंगाई और ऊंची मॉर्गेज किस्तों का जिक्र करते हुए कहा कि वे और उनकी साथी आठ साल से साथ हैं, लेकिन आर्थिक दबावों के कारण परिवार शुरू करना मुश्किल हो रहा है।

करीब एक घंटे बाद मंच संचालकों ने सत्र के बीच 'ब्रेकिंग अपडेट दिया। रूसी समाचार एजेंसी TASS के हवाले से बताया गया कि ओल्गा ने प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। वह आपसे शादी करेंगी, यह कहते ही फिर तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी। पुतिन भी मुस्कुराते हुए तालियां बजाते नजर आए।

हौसला पाकर बाझानोव ने राष्ट्रपति को शादी में आने का न्योता दे डाला। पुतिन ने आमंत्रण तो ठुकराया, लेकिन मौके पर चुटकी लेना नहीं भूले। उन्होंने कहा, किरिल युवा परिवारों की आर्थिक हालत पर सवाल पूछ रहे थे और यह सही भी है। एक आदमी को परिवार का सहारा बनना चाहिए। अब टोपी घुमा देते हैं, कम से कम शादी के लिए कुछ तो इकट्ठा हो जाएगा।

# ओडेसा बंदरगाह पर रूसी मिसाइल हमला, आठ की मौत और 27 घायल, जवाबी कार्रवाई में यूक्रेन ने किए ड्रोन हमले



**कीव।** रूस-यूक्रेन के बीच जारी जंग के बीच रूस की तरफ से यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा में मौजूद बंदरगाह पर हमला किया गया है। यूक्रेन के मुताबिक, इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई है और करीब 27 लोग घायल हुए हैं। वहीं इस हमले के बाद यूक्रेन ने भी रूस पर ड्रोन से हमला किया है।

यूक्रेन के दक्षिणी शहर ओडेसा के बंदरगाह ढांचे पर शुक्रवार देर रात रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 27 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, हमले के केंद्र के पास एक बस में सवार कुछ लोग भी घायल हुए। बंदरगाह के पार्किंग क्षेत्र में खड़े ट्रकों में आग लग गई, जबकि कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। ओडेसा क्षेत्र के प्रमुख ओलेह किपर ने बताया कि बंदरगाह को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया गया।

रूस की ओर से इस हमले की तत्काल पुष्टि नहीं की गई। हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह कहा कि पिछले एक दिन में उसने यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे परिवहन और भंडारण ढांचे के साथ-साथ ऊर्जा प्रतिष्ठानों और कीव के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने वाली सुविधाओं पर हमले किए।

**दूसरी ओर, यूक्रेन के जवाबी ड्रोन हमले:** यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि यूक्रेनी ड्रोन ने रूस की एक तेल ड्रिलिंग प्लेटफॉर्म, एक सैन्य गश्ती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया। बयान के मुताबिक, शुक्रवार रात हुए हमले में रूसी गश्ती जहाज ओखोतनिक को क्षति पहुंची। यह जहाज कैस्पियन सागर में तेल और गैस उत्पादन मंच के पास गश्त कर रहा था। नुकसान की सीमा का आकलन किया जा रहा है।

**ड्रिलिंग प्लेटफॉर्म पर भी किया गया हमला:** इसके अलावा, कैस्पियन सागर स्थित फिलानोव्स्की तेल और गैस क्षेत्र के एक ड्रिलिंग प्लेटफॉर्म पर भी हमला हुआ। यह सुविधा रूसी तेल कंपनी ल्यूकोइल की तरफ से संचालित है। यूक्रेनी ड्रोन ने क्रीमिया के क्रास्नोसिल्स्के इलाके में एक रडार सिस्टम को भी निशाना बनाया। क्रीमिया को रूस ने 2014 में यूक्रेन से अवैध रूप से अपने में शामिल कर लिया था।

इन घटनाओं पर रूस सरकार या लुकोइल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। उल्लेखनीय है कि लुकोइल और सरकारी कंपनी गज्प्रोम हाल ही में अमेरिकी प्रतिबंधों के निशाने पर हैं।

# एपस्टीन फाइल्स के पहले बैच में क्या, क्लिंटन से माइकल जैक्सन तक



## 1996 की शिकायत का भी जिक्र, हुए ये नए खुलासे

**एपस्टीन फाइल्स के पहले बैच में अब तक क्या-क्या सामने आया है? एपस्टीन और ट्रंप के रिश्तों को लेकर अब तक क्या खुलासे हुए हैं? इसके अलावा किन चर्चित हस्तियों की इस हेज फंड मैनेजर के साथ करीबी दिखी? खुद जेफ्री एपस्टीन को लेकर क्या नए खुलासे हुए हैं? मामले में आगे क्या हो सकता है? आइये जानते हैं...**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी हेज फंड मैनेजर और यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े लाखों सबूतों जारी हो रहे हैं। इनमें चिट्ठियों, ईमेल, फोन रिकॉर्ड्स, तस्वीरें, गवाहों के बयान और अन्य ब्योरे शामिल हैं। शनिवार तक एपस्टीन से जुड़े कई दस्तावेज बाहर आ चुके हैं। हालांकि, अमेरिकी न्याय मंत्रालय को शुक्रवार तक सभी दस्तावेज जारी करने थे। जो अब तक नहीं हो पाए है। न्याय मंत्रालय ने जो दस्तावेज जारी किए हैं, उन्हें नए खुलासों की पहली कड़ी (बैच) कहा जा रहा है। अब इन्हीं बाकी कड़ियों में आने वाले हफ्तों में जारी किया जाएगा।

ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर जिन 13 हजार फाइल्स को रिलीज किया गया है, उनमें अब तक क्या-क्या सामने आया है? एपस्टीन और ट्रंप के रिश्तों को लेकर अब तक क्या खुलासे हुए हैं? इसके अलावा किन चर्चित हस्तियों की इस हेज फंड मैनेजर के साथ करीबी दिखी? खुद जेफ्री एपस्टीन को लेकर क्या नए खुलासे हुए हैं? मामले में आगे क्या हो सकता है? आइये जानते हैं...

दस्तावेजों के पहले बैच से क्या-क्या खुलासे हुए?

एपस्टीन से जुड़ी जो फाइल्स जारी हुई हैं, उनमें हजारों तस्वीरें और जांच में शामिल रहे दस्तावेज हैं। हालांकि, इनमें खुद जेफ्री एपस्टीन के बारे में ऐसी कोई जानकारी या खुलासा नहीं है, जो कि सार्वजनिक मंचों पर अब तक सामने न आया हो। इसके अलावा फाइल्स में एपस्टीन के अमीर और ताकतवर व्यापारियों या नेताओं से संपर्क की खास जानकारी भी नहीं है। इन दस्तावेजों में मुख्यतः अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, ब्रिटेन की दिवंगत महारानी रहीं एलिजाबेथ-क्कके बेटे एंड्रयू माउंटबैटन-विंडसर और गायक मिक जैगर और माइकल जैक्सन भी शामिल हैं। हालांकि, इन तस्वीरों में नेताओं और सेलिब्रिटीज का दिखना उनके एपस्टीन के साथ किसी गलत काम में जुड़े होने का संकेत नहीं है। इससे पहले भी कई नेता और चर्चित चेहरे एपस्टीन के साथ दिखे हैं और सभी ने किसी तरह के गलत काम में शामिल न होने की बात कही।

1. क्लिंटन की कई तस्वीरें जारी

जो तस्वीरें सामने आई हैं, उनमें सबसे ज्यादा चर्चा में बिल क्लिंटन की तस्वीरें हैं। एक तस्वीर में वह स्विमिंग पूल में हैं और उनके साथ जेफ्री एपस्टीन की करीबी गिस्लेन मैक्सवेल हैं। इसके अलावा एक और अज्ञात शख्स उनके साथ बैठा है।

एक अन्य फोटो में क्लिंटन को लेटे हुए दिखाया गया है। इस तस्वीर में भी एक अज्ञात व्यक्ति उनके साथ है, जिसकी पहचान को छिपाया गया है। न्याय मंत्रालय के मुताबिक, इस तस्वीर में दिख रहा व्यक्ति एपस्टीन से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले का पीड़ित है।

क्लिंटन एक तीसरी तस्वीर में एक युवा लड़की के साथ तस्वीर खिंचा रहे हैं, जो कि उनकी कुर्सी के आर्मरेस्ट पर बैठी है और उसके हाथ क्लिंटन के कंधे पर हैं।

इसी तरह की एक और तस्वीर में क्लिंटन को अपने पूर्व सलाहकार डग बैंड और अभिनेता केविन स्पेसी के साथ लंदन के चर्चिल वॉर रूम में दिखाया गया है। एपस्टीन के न्यूयॉर्क स्थित घर से ली गई एक तस्वीर में क्लिंटन की पेंटिंग भी लटकी दिखाई गई।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति से जुड़ी इन तस्वीरों में तारीख नहीं दी गई है। हालांकि, 1990 से 2000 के दशक के बीच उन्हें कई बार एपस्टीन के साथ देखा गया। बता दें कि एपस्टीन यौन अपराध केस में अब तक जितने पीड़ित सामने आए हैं, उनमें से किसी ने भी क्लिंटन पर गलत काम के आरोप नहीं लगाए हैं। 2019 में खुद बिल क्लिंटन ने कहा था कि वे एपस्टीन के किसी भी गंभीर अपराध के बारे में नहीं जानते थे। इन फाइल्स के सामने आने के बाद क्लिंटन के प्रवक्ता ने कहा कि ट्रंप प्रशासन उनका इस्तेमाल कर खुद को बचाने की कोशिश कर रहा है। बयान में कहा गया कि एक समूह था, जिसने एपस्टीन के अपराध की जानकारी सामने आने से पहले ही उससे संपर्क खत्म कर लिए थे। दूसरा समूह था जिसने अपराध की बात पता चलने के बाद उससे रिश्ते तोड़े। हम पहले समूह का हिस्सा हैं।

# 'टैरिफ मेरा पांचवां पसंदीदा शब्द': राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप



**नॉर्थ कैरोलिना।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नॉर्थ कैरोलिना में अपने भाषण में एलान किया कि नए साल से अमेरिकी नागरिकों को इतिहास की सबसे बड़ी कर कटौती का लाभ मिलेगा। ट्रंप ने कहा कि इसमें टिप्स पर कर नहीं लगेगा, ओवरटाइम पर कर नहीं लगेगा और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सोशल सिक्योरिटी पर कर नहीं लगेगा।

ट्रंप ने अपने भाषण में कहा चार साल के संकट और गिरावट के दौरान पूरी दुनिया हमारी हंसी उड़ाती रही। लेकिन अब हम अमेरिका के सबसे शानदार वर्षों की शुरूआत कर रहे हैं। इसे 'अमेरिका का गोल्डन एज' कहा जाता है। पिछले 10 महीनों में हमारी सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, महंगाई रुक गई है, मजदूरी बढ़ी है और कीमतें कम हुई हैं। हमारा राष्ट्र मजबूत है, अमेरिका वापस आ गया है। राष्ट्रपति ने आगे कहा हम लड़ेंगे, हम जीतेंगे और आपकी मदद से अमेरिका फिर से शक्तिशाली और समृद्ध बनेगा। हम अमेरिका को महान बनाएंगे। ट्रंप ने करों पर अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि पहले उनका पसंदीदा शब्द 'टैरिफ' था, लेकिन अब यह उनका पांचवां पसंदीदा शब्द बन गया है।

**टैरिफ से मजदूरों और उद्योगों को सुरक्षा:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनकी सरकार ने अमेरिकी ऊर्जा के खिलाफ कट्टर वामपंथियों की मुहिम को खत्म कर दिया है। उन्होंने ह्यग्रीन न्यू स्कैमह्ल को रद्द किया और 'ड्रिल, बेबी, ड्रिल' का आदेश जारी किया। ट्रंप के मुताबिक, इसके बाद पेट्रोल की कीमतों में बड़ी गिरावट आई है। अमेरिकी कामगारों की सुरक्षा के लिए सरकार ने विदेशी कारों पर 25 प्रतिशत, विदेशी स्टील पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# नरेंद्र कश्यप के प्रयासों से विकास कार्यों की ऐतिहासिक स्वीकृतियां

## 2024-25 और 2025-26 में 114 करोड़ से अधिक की योजनाएं मंजूर

### - कई तिथियों पर कार्यक्रमों के जरिए दी गई स्वीकृति और भुगतान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सदस्य विधान परिषद नरेंद्र कश्यप द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर क्षेत्रीय विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान सड़क, नाली, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड, संपर्क मार्ग, जल निकासी एवं अन्य जनसुविधाओं से जुड़े सैकड़ों विकास कार्यों को शासन स्तर से स्वीकृति प्रदान की गई। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार इन दोनों वित्तीय वर्षों में स्वीकृत योजनाओं की कुल धनराशि 114 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुकी है।

### कार्यक्रमों के माध्यम से दी गई विकास योजनाओं की जानकारी

वर्ष 2024-25 के दौरान अलग-अलग कार्यक्रमों में नरेंद्र कश्यप ने स्वीकृत योजनाओं की जानकारी जनता के सामने रखी। इन कार्यक्रमों में उन्होंने बताया कि विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि समयबद्ध तरीके से जमीन पर उतरेंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि स्वीकृत कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए।

2025-26 के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में नरेंद्र कश्यप ने कहा कि विकास कार्यों का उद्देश्य केवल आंकड़े बढ़ाना नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन को आसान बनाना है। उन्होंने मंच से यह भी कहा कि सड़क, नाली और जल निकासी जैसे कार्य सीधे जनता की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े होते हैं, इसलिए इनमें किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिन मोहल्लों और गांवों में वर्षों से खराब सड़कें और जलभराव की समस्या थी, वहां अब हालात तेजी से बदल रहे हैं। बेहतर सड़कें बनने से आवागमन सुगम हुआ है और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है। लोगों का मानना है कि यह बदलाव माननीय सदस्य विधान परिषद नरेंद्र कश्यप की लगातार निगरानी और सक्रियता का परिणाम है।

### वर्ष 2024-25 में विकास कार्यों की श्रृंखला

वित्तीय वर्ष 2024–25 में नरेंद्र कश्यप द्वारा भेजे गए प्रस्तावों पर विभिन्न तिथियों पर स्वीकृति और भुगतान सुनिश्चित किया गया। 22 अगस्त 2024, 15 सितंबर 2024, 15 अक्टूबर 2024 और 24 फरवरी 2025 जैसी तिथियों पर प्रस्ताव शासन स्तर पर स्वीकृत हुए। इसके बाद 7 जनवरी 2025, 27 जनवरी 2025 और 14 मई 2025 को कई योजनाओं का भुगतान किया गया। इन योजनाओं के अंतर्गत गाजियाबाद क्षेत्र में यूपीएसआईसी के माध्यम से सीसी रोड, इंटरलॉकिंग सड़कें, नालियों का निर्माण और मरम्मत कराई गई। 26 जुलाई 2025, 26 अगस्त 2025 और 30 अगस्त 2025 को भी विभिन्न कार्यों के भुगतान दर्ज किए गए, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पूरे वर्ष कार्य लगातार चलते रहे।

### विकास की मजबूत तस्वीर

कुल मिलाकर, 22 अगस्त 2024 से लेकर 29 नवंबर 2025 तक विभिन्न तिथियों पर स्वीकृत और भुगतान की गई योजनाएं यह दर्शाती हैं कि नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में क्षेत्र विकास की मजबूत दिशा में आगे बढ़ रहा है। 114 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृत धनराशि और लगातार आयोजित कार्यक्रम इस बात का प्रमाण हैं कि विकास कार्य केवल घोषणा नहीं, बल्कि धरातल पर दिखाई देने वाली हकीकत बन चुके हैं।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी विकास की निरंतरता

वित्तीय वर्ष 2025–26 में भी विकास कार्यों की रफ्तार कम नहीं हुई। 3 जून 2025 और 12 अगस्त 2025 को कई नए प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। 4 नवंबर 2025 को अनेक योजनाओं के लिए स्वीकृति दर्ज हुई, जिनमें 100 मीटर, 150 मीटर, 200 मीटर और 240 मीटर तक की सड़कों के निर्माण कार्य शामिल हैं। 29 नवंबर 2025 को बड़ी संख्या में कार्यों की स्वीकृति और धनराशि जारी की गई, जिससे यह साफ हो गया कि नया वित्तीय वर्ष भी विकास को समर्पित रहेगा।

# महापौर ने शहर में 16 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास किया

## 5 मंजिला बनेगा मोहन नगर जोनल कार्यालय, होगा सभी सुविधाओं से लैस





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने 16 करोड़ की लागत से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यो के नारियल फोड़कर शिलान्यास किये है जिनका विवरण इस प्रकार है:

ज्ञानी बॉर्डर पर मोहन नगर जोनल कार्यालय का निर्माण कार्य जिसकी लागत 12 करोड़ है। नंदग्राम में नंदी गौशाला के सामने नगर निगम के पेट्रोल पम्प की बाउंड्री वाल का कार्य जिसकी लागत लगभग 47 लाख है।

वार्ड 47 शास्त्री नगर में ए 1 से जी 15 सर्विस रोड के बराबर के मुख्य नाले की दीवार का आर सी सी द्वारा निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 70 लाख है। वार्ड 47 शास्त्री नगर में एस बी आई बैंक व आई 7 से जे 19 तक सर्विस रोड के बराबर के मुख्य नाले का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 72 लाख है।

शहर में बहुत विकास कार्य किये जा रहे है जिसको लेकर महापौर लगातार नारियल फोड़कर शिलान्यास कर रही हैं, नगर निगम बहुत ही मुस्तेदी के विकास कर रहा है और ऐसे ही आज भी शिलान्यास किया गया है जिसमे मुख्य कार्य मोहन नगर जोनल कार्यालय का है जिसमे ग्राउंड फ्लोर के साथ 4 मंजिला बनाया जाएगा जिसमे फायर सर्विस,लिफ्ट,शौचालय, पार्किंग की व्यवस्था और सभी मूल सुविधाए होंगी और यह कार्यालय उस स्थान पर है जहाँ दिल्ली ज्ञानी बॉर्डर से आते हुए कूड़े के ढेर मिलते थे जिसको खत्म कर उपरोक्त स्थान पर जोनल कार्यालय बनाया जाएगाव यह भूमि लगभग 1800 मीटर है और शास्त्री नगर ने नाले की बहुत आवश्यता थी कुछ स्थानों पर तो नाले में ही दीवार गिर गयी थी तब महापौर को अवगत कराया गया और महापौर ने तत्काल इसका एस्टिमेट बनवाया और टेंडर में लगवाकर आज कार्य भी शुरू करा दिया है।

महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि अधिकांश वार्डो में विकास कार्य किये जा रहे रहे है लेकिन नगर निगम उसके साथ साथ अपने कार्यालय और नगर निगम की आय बढ़ाने का कार्य भी कर रहा है, इसके साथ साथ शहर में ड्रैनेज पर भी कार्य किया जा रहा है अधिकतर नालों को आर सी सी बनाने का कार्य किया जा रहा है जिससे शहर में सुचारू व्यवस्था दी जा सके। शिलान्यास के दौरान पार्षद विरेन्द्र त्यागी,पार्षद कल्लन,पूर्व पार्षद बिजेंद्र चौहान,सहयोग नगर आयुक्त सुशील प्रताप सिंह,अधिशासी अभियंता विपुल कुमार,सहायक अभियंता गणेशीलाल एवं नगर निगम जोन के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी अभियान की कार्यशाला आयोजित

## आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय, नई पीढ़ी को विचारों से जोड़ने पर जोर





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी (2024-25) के अवसर पर चलाए जा रहे अटल जन्मशताब्दी अभियान के अंतर्गत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित गोल्डन व्यू फार्म हाउस में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने किया।

कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में मयंक गोयल ने अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रनिर्माण में अतुलनीय योगदान, विचारशील नेतृत्व, सुशासन की परंपरा और प्रेरणादायी जीवन-वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी केवल राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संस्कृति और राष्ट्रसेवा के प्रतीक थे। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जानकारी दी कि जन्मशताब्दी के अवसर पर संगठन द्वारा व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 24 दिसंबर को सभी भाजपा कार्यालयों पर दीप प्रज्वलन होगा। इसके पश्चात 25 दिसंबर से एक सप्ताह तक अटल जी के जीवन एवं योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन मंडल स्तर पर किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि बूथ स्तर पर अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति कार्यक्रम, कला प्रतियोगिताएं, लेखन एवं संपादन गतिविधियां, विचार गोष्ठियां सहित विविध रचनात्मक और वैचारिक आयोजन किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यकताओं को स्पष्ट दायित्व सौंपे गए। कार्यशाला में अभियान के संयोजक बॉबी त्यागी, सहसंयोजक गोपाल अग्रवाल, गुंजन शर्मा, संदीप चौधरी, बी.एल. गौतम, ऋचा भदौरिया, मधुकर त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चों व प्रकोष्ठों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से अटल जन्मशताब्दी अभियान को जन-जन तक पहुँचाने और संगठनात्मक स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण रणनीति तय की गई।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्वदेशी पर बैठक का आयोजन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की भारत सरकार की पहल पर स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाए जा रहे स्वदेशी जुटान कार्यक्रम की दूसरी बैठक नई दिल्ली के आई पेक हाल में संपन्न हुई, जिसमें अनेक व्यापारी संगठनों एवं फेडरेशनों ने भाग लिया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने मीडिया प्रभारी संजय शर्मा को बताया कि उक्त कार्यक्रम की शुरूआत तीन माह पूर्व नागपुर से की गई थी। इसी क्रम में नई दिल्ली में दूसरी बैठक आयोजित की गई। जिसमें गाजियाबाद से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने भी भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा स्वदेशी मेलों में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए जन जागरण अभियान चलाने की बात तय की गई। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, व्यापारी सुरक्षा फोरम, कैट एवं अन्य व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया।

उक्त कार्यक्रम में पंजाब राजस्थान मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र एवं अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कश्मीरी सिंह ने की, मुख्य अतिथि भारत सरकार व्यापारी आयोग के अध्यक्ष सुनील संधि रहे।

बैठक में स्वदेशी अपनाने के कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई और इसी क्रम में तय किया गया कि जन स्वदेशी अभियान 12 जनवरी से लेकर 23 जनवरी 26 तक प्रत्येक तहसील एवं नगर जिला स्तर पर रन फॉर स्वदेशी चलाया जाए। जिसमें स्कूल के विद्यार्थी व्यापारी एवं नागरिक शामिल होंगे। मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा कार्यालय प्रभारी एवं सदस्य व्यापारी कल्याण बोर्ड सुनील पांडे संत मिश्रा प्रीतम लाल राजकुमार सिंह राणा, अशोक गोयल, संदीप बंसल, रविकांत गर्ग, सहित अन्य व्यापार संगठनों के प्रमुख मौजूद रहे। सुनील पांडे को राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड का सदस्य मनोनीत करने पर जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल गाजियाबाद, अध्यक्ष साहिबाबाद विधानसभा राजकुमार सिंह राणा एवं अमर सक्सेना द्वारा उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# वैदिक संस्कृति के संवर्धन का संकल्प बच्चों संग हवन-भंडारे का आयोजन

## नवयुग विकास संस्थान और निर्वेद फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से किया वैदिक अनुष्ठान, आगे भी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवयुग विकास संस्थान ने शनिवार को निर्वेद फाउंडेशन के बच्चों के साथ मिलकर वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से हवन-पाठ किया तथा भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में बच्चों की सक्रिय सहभागिता रही और वैदिक परंपराओं के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर निर्वेद फाउंडेशन के संस्थापक सुशील मीना, एसपी सिंह, डॉक्टर रणवीर सिंह परमार, राजपाल कसाना, नेहा चौधरी, मनोरमा सिंह, पंकज सिंह, अनुराग राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने वैदिक संस्कृति को समाज में और अधिक सुदृढ़ करने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर करने का संकल्प लिया। नवयुग विकास संस्थान की ओर से बताया गया कि आने वाले समय में बच्चों और युवाओं की भागीदारी बढ़ाते हुए संस्कार, संस्कृति और सामाजिक चेतना से जुड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिससे भारतीय वैदिक परंपराओं से नई पीढ़ी का जुड़ाव मजबूत हो सके।

### दिनदहाड़े व्यापारी को मारी गोली, पुलिस बूथ से कुछ दूरी पर वारदात

ओलिंपिक तिराहे पर शनिवार दोपहर को करीब डेढ़ बजे दुकान पर बैठे व्यापारी इमरान ( 49 वर्ष ) की गोली मारकर दी। गोली लगने से व्यापारी की मौके पर ही मौत हो गई। गोली मारने के बाद हमलावर हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गया। जिस जगह वारदात हुई उसके कुछ ही दूरी पर पुलिस बूथ स्थित है। दिनदहाड़े हुए हत्या के बाद बाजार के व्यापारियों ने मौके पर जाकर हंगामा किया। गुस्साए व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

वहीं दूसरी तरफ बीती चार दिसंबर को गोविंदपुरी स्थित मैन मार्केट में सुबह के वक्त दुकान खोलते ही सराफ गिरधारी लाल सोनी की कैंची से गोदकर हत्या कर दी थी। आरोपी ने तमंचे से फायरिंग की थी। आरोपी को भीड़ ने दबोच लिया था और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया था। गोविंदपुरी कॉलोनी की मैन मार्केट के रहने वाली गिरधारी लाल सोनी सराफा कारोबारी थे। घर के बाहर ही उनकी गिरधारी लाल एंड सन ज्वेलर्स' के नाम से दुकान है। परिजनों ने बताया था कि उस दिन सुबह करीब नौ बजे गिरधारी लाल दुकान खोलकर साफ सफाई करने लगे तभी पैदल आए एक हमलावर ने उन पर कैंची से ताबड़तोड़ वार कर दिए थे। प्रत्यक्षदशीर्यों.ने बताया था कि आरोपी ने तमंचे से फायरिंग भी की। जैसे वह दोबारा फायरिंग करने लगा तभी भीड़ ने दबोच लिया। भीड़ ने आरोपी की धुनाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया था। परिजन सराफ को एक निजी अस्पताल ले गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।


|| शोकसभा ||



स्व. खड़क सिंह मावी
(11 दिसंबर 2025 गुरुवार)

बड़े दुखः के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता जी, श्री खड़क सिंह मावी जी का स्वर्गवास दिनांक 11 दिसंबर 2025 को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। जिनकी तेरहवीं दिनांक 21 दिसंबर 2025 को होनी निश्चित हुई है।

तेरहवीं
हवन..............प्रातः 9:00 बजे
श्रद्धांजलि...........प्रातः 10:00 बजे से

शोकाकुल
योगेन्द्र मावी (पुत्र) (प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उत्तर प्रदेश)
बब्बू मावी (पुत्र)
फौजवीर मावी (पुत्र)

स्थान
गांव टीला शहबाजपुर लोनी गाजियाबाद

श्रद्धांजलि सभा



आपको बड़े दु:ख के साथ अवगत कराना है कि मेरी धर्मपत्नी
स्व. श्रीमती स्वर्णलता त्यागी
अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 12 दिसम्बर 2025 दिन शुक्रवार को प्रभु के चरणों में लीन हो गयी है, प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी अरष्टी (तेंरहवी संस्कार)

कार्यक्रम
दिन रविवार दिनांक 21 दिसम्बर 2025
हवन ........................................ 10.00 बजे प्रातः
ब्रह्मभोज .................................... 12.00 बजे दोपहर
शोक सभा/रस्म पगडी ..................... 2.00 बजे दोपहर

Cloud-9 Resort कम्पाउण्ड मेरठ रोड़ उत्तम टोयोटा के सामने, गाजियाबाद।

शोकाकुल परिवार
हरिप्रकाश त्यागी (पति)
नरेश त्यागी (जेठ), अजय त्यागी (देवर)
विवेक त्यागी (राष्ट्रीय महामंत्री/ प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय व्यापार मंडल उ.प्र.) एवं प्रीति त्यागी (पुत्र, पुत्र–वधु)
विनय त्यागी, स्मिता त्यागी (पुत्र, पुत्र–वधु)
डॉ. निधि त्यागी, डॉ. सर्वेश त्यागी, (पुत्री–दामाद)
नित्या, दक्ष, पार्थ, श्रेय, आर्याना (पोते–पोती)
सिद्धार्थ, शिवम, सार्थक (भतीजे)

श्रद्धांजलि सभा

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥



श्री विजय शंकर जी
(1 जनवरी 1961 - 13 दिसंबर 2025)

बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि पूर्व प्रचारक, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवम् वरदान सेवा संस्थान के मंत्री श्री विजय शंकर जी का देहावसान दिनांक 13 दिसंबर 2025 को हो गया है। प्रभु उनको अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करे। उनकी आत्मिक शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।

दिनांक: 21 दिसंबर 2025
समय: दोपहर 2:30 बजे
स्थान: राम चमेली चड्ढा विश्वास गर्ल्स कॉलेज, निकट डी.पी.एस स्कूल, मेरठ रोड, गाजियाबाद

शोक संतप्त
**समस्त वरदान परिवार**

संपर्क सूत्र:
कृष्ण वीर सिंह सिरोही, अध्यक्ष (+91-9871280020)
विपुल कुमार, का० मंत्री (+91-9871295410)
+91-9555972933 +91-9910058727